CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

लखनऊ, रविवार 12 अप्रैल 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 155 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 23 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मुद्दा बनाया पेज 2



जीत का लक्ष्य बरकरार रखने उतरेगी एलएसजी खेल टाइम्स



नुसरत का साहसी चुनाव ही बनाता है उनकी अलग पहचान बॉलीवुड



ईरान को हथियार देने की तैयारी में चीन पेज 11

## हिजबुल्लाह का इजरायली सैन्य ठिकानों पर हमला

**इस्लामाबाद।** लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने शनिवार को इजरायल के कई सैन्य ठिकानों पर रॉकेट, ड्रोन और मिसाइल अटैक किए। जवाब में इजरायल ने लेबनान के कई ठिकानों पर हमला किया।

इजरायल ने साफ कर दिया है कि वह हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर पर बातचीत नहीं करेगा। इससे पहले खबरें थीं कि अमेरिका में इजरायल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच इस मुद्दे पर बैठक हो सकती थी। इसी बीच, ईरान ने कहा कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती, तो सिर्फ इजरायल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजरायल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी। गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था।

# इस्लामाबाद के सेरेना होटल पर दुनिया की निगाहें

## सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू , ईरान की मांग- लेबनान पर तुरंत हमले बंद हों

■ **बातचीत का पहला राउंड 2 घंटे तक चला, इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजरायली हमले रोकने की मांग की**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू हो गया है। पहला राउंड 2 घंटे तक चला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजरायली हमले रोकने की मांग की।

इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह मीटिंग कल भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में



चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजरायल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजरायल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

■ **मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है सेरेना होटल**

इस्लामाबाद के लग्जरी सेरेना होटल में अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर वार्ता हो रही है। यह होटल शहर के सबसे सुरक्षित इलाकों में माना जाता है। सेरेना होटल अपनी मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है। यहां आने-जाने के हर रास्ते पर कड़ी जांच होती है और कई लेयर में सिक्योरिटी लगी रहती है। यह होटल प्रधानमंत्री आवास और संसद जैसे अहम सरकारी जगहों के पास है, जिससे नेताओं और अधिकारियों के लिए यहां आना-जाना आसान और सुरक्षित रहता है। यही वजह है कि बड़ी और संवेदनशील मीटिंग्स के लिए इसे चुना जाता है। करीब 6 हेक्टेयर में फैले इस होटल में 400 से ज्यादा कमरे, बड़े कॉन्फ्रेंस हाल और आफिस स्पेस हैं। यहां एक साथ 150 से ज्यादा लोगों की टीम आराम से रुक सकती हैं

## संक्षिप्त समाचार

### होर्मुज में व्यवधान के बीच ईंधन भरने अमेरिका आ रहे जहाज: ट्रम्प का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के साथ जंग के बीच ईंधन संकट को लेकर नया बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि होर्मुज में व्यवधान के बीच कई बड़े जहाज तेज और गैस भरवाने के लिए अमेरिका की तरफ आ रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक संदेश में लिखा, दुनिया के सबसे बड़े खाली तेल टैंकर बड़ी संख्या में अमेरिका की तरफ बढ़ रहे हैं। इन टैंकरों पर दुनिया के सबसे बेहतरीन और अच्छे तेल तथा गैस को लोड किया जाएगा। उन्होंने लिखा कि अमेरिका के पास दो सबसे बड़े तेल उत्पादक देशों की तुलना में अधिक तेल भंडार है। यह तेल उच्च गुणवत्ता वाला भी है। विशालकाय खाली तेल टैंकरों के अमेरिका की तरफ बढ़ने के दावे के समर्थन में उन्होंने भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे ट्रुथ सोशल पर एक नक्शा भी साझा किया। इसके करीब आठ घंटे बाद शनिवार शाम को ट्रम्प ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, तेल-गैस भरवाने आ रहे जहाजों में कुछ दुनिया में सबसे बड़े हैं।

### मोस्ट वांटेड अपराधी साहिल बैंकॉक से भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** हरियाणा के एक मोस्ट वांटेड अपराधी को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक से भारत वापस लाया गया है। वह अपराधी साहिल चौहान विदेश भाग गया था। इस कार्रवाई को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और इंटरपोल की मदद से अंजाम दिया गया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से हमने 10 अप्रैल को वांछित फरार अपराधी साहिल चौहान को थाईलैंड से सफलतापूर्वक भारत वापस लाने का इंतजाम किया है। हरियाणा पुलिस को हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध हथियारों के इस्तेमाल से जुड़े कई मामलों में साहिल चौहान की तलाश थी। वह कुख्यात भूप्पी राणा गैंग का एक प्रमुख सदस्य है, जो हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में सक्रिय है। 4 जनवरी 2017 को चौहान ने कथित तौर पर जगाधरी कोर्ट परिसर यमुनानगर, हरियाणा में गैंग रंजिश के चलते मोनू राणा पर उस समय फायरिंग की थी, जब उसे लंबित आपराधिक मामलों में सुनवाई के लिए अदालत में पेश किया था।

# वोट देना-चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं

## ये वैधानिक अधिकार हैं, चुनाव लड़ने के लिए योग्यता शर्तें जरूरी हैं : सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फिर स्पष्ट किया है कि वोट देने और चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं हैं, बल्कि ये वैधानिक अधिकार हैं। यह अहम टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने की जिसमें जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन शामिल थे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि न मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल हैं। हालांकि, ये दोनों अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनका स्रोत संविधान के बजाय कानूनों में निहित है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वोट देने और चुनाव लड़ने के अधिकार में मूलभूत अंतर है। मतदान का अधिकार नागरिकों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का मौका देता है, जबकि चुनाव लड़ने का अधिकार अधिक कड़े नियमों और शर्तों के अधीन होता है। इसमें उम्मीदवार की योग्यता, अयोग्यता, प्रशासनिक आवश्यकताएं और संस्थागत नियम शामिल होते हैं। इसलिए चुनाव लड़ना एक नियंत्रित प्रक्रिया है, जिसमें विभिन्न कानूनी मानदंड लागू होते हैं। दरअसल मामला राजस्थान के जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के चुनावी नियमों से संबंधित था। इन संघों का संचालन तीन-स्तरीय ढांचे के अनुसार होता है और इनके लिए राज्य कानूनों तथा बायलाज के माध्यम से उम्मीदवारों की पात्रता तय की जाती है। इन नियमों में दूध की आपूर्ति, गुणवत्ता, संघ की वित्तीय स्थिति और ऑडिट जैसे मानदंड शामिल थे। कुछ सहकारी समितियों ने इन नियमों को चुनौती देकर राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 2015 में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने इन बायलाज को अवैध बताकर रद्द कर दिया, जबकि पहले हुए चुनावों को वैध बनाए रखा। बाद में 2022 में डिविजन बेंच ने भी फैसले को बरकरार रखा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के तर्कों से असहमति जताकर कहा कि इस प्रकार की रिट याचिकाओं की स्वीकार्यता पर सवाल उठते हैं। शीर्ष अदालत ने संकेत दिया कि इस तरह के मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप सीमित होना चाहिए, जब तक कि कोई स्पष्ट संवैधानिक उल्लंघन न हो।



■ **यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि न मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल हैं: शीर्ष अदालत**

### सीजेआई सूर्यकांत बोले: इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहम

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनोमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है। सीजेआई ने कहा कि अब भारत को ऐसे निवेश की जरूरत है जो जल्दी मुनाफा कमाने के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रहने वाले हों और भरोसे पर आधारित हों। जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर में पेंशन फंड का पैसा लगाना, टेक कंपनियों का अपना ज्ञान साझा करना या बड़ी विदेशी कंपनियों का सप्लाई चेन बनाना, ये सब लंबे समय की जिम्मेदारियां होती हैं।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई-काठमांडू फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाइट की ईंधन कमी के चलते इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

■ **ईंधन कमी के चलते लेना पड़ा फैसला, विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए**

राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब दुबई से काठमांडू जा रही एक अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट की अचानक इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, विमान में ईंधन की कमी के चलते यह निर्णय लिया गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी 154 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह फ्लाइट दुबई से नेपाल की राजधानी काठमांडू के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान तकनीकी और परिचालन कारणों के चलते विमान के पायलट को ईंधन की स्थिति को लेकर चिंता हुई। स्थिति को देखते हुए पायलट ने नजदीकी सुरक्षित हवाई अड्डे पर लैंडिंग की अनुमति मांगी, जिसके बाद लखनऊ एयरपोर्ट को चुना गया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से अनुमति मिलने के बाद विमान को प्राथमिकता के आधार पर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। जैसे ही इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिली, एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। रनवे को तत्काल खाली कराया गया और आपातकालीन सेवाओं को तैयार रखा गया।

## धन शोधन जांच में 6.3 करोड़ रुपये जब्त किए

**नई दिल्ली।** ईडी ने अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लि. (ईआईएल) और उसकी समूह संस्थाओं से जुड़े एक मामले में तलाशी अभियान चलाकर 6.3 करोड़ रुपये की नकदी, 7.5 करोड़ रुपये के आभूषण, चांदी की सिल्लियां और लग्जरी घड़ियां जब्त की हैं।

ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यह छापेमारी गुरुग्राम और दिल्ली में अर्थ ग्रुप के निदेशकों, प्रमोटरों और संबंधित संस्थाओं से जुड़े 10 ठिकानों पर की गई। तलाशी अभियान के दौरान ईडी ने लगभग 6.3 करोड़ रुपये नकद और करीब 7.5 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषणों के साथ-साथ चांदी की सिल्लियां और कीमती घड़ियां भी जब्त कीं। धन शोधन की यह जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) के अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, इसके निदेशकों और संबंधित संस्थाओं के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात और साजिश के लिए आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज पांच एफआईआर के तहत की गई है। इसके अतिरिक्त, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने भी अर्थ ग्रुप के प्रमोटरों/ निदेशकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है।

## मणिपुर में बंगाल के बीएसएफ जवान की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के एक कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कांस्टेबल मिथुन मंडल को शाम करीब 4.30 बजे गोली लगी। गोली लगने के बाद उन्हें तुरंत इंफाल के अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम करीब 6 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। मिथुन मंडल पश्चिम बंगाल के भगजन टोला गांव के रहने वाले थे और 170 बटालियन बीएसएफ में तैनात थे। फरवरी में दो समुदायों के बीच हुई जातीय झड़पों के बाद कुकी गांव मोंगकोट चेपू और पड़ोसी तांगखुल नागा इलाके में गोलीबारी होती रही हैं।

## लेफ्ट की कार्बन कॉपी बनी टीएमसी: मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए टीएमसी सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने साफ लफ्जों में कहा कि बंगाल की जनता अब भय से ऊब चुकी है और भरोसे की ओर बढ़ रही है।

घुसपैठियों की सरकार का अंत तय है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा चुनाव जीत रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जो गुंडे और सिंडिकेट पहले वामपंथी दल सीपीआईएम के लिए काम करते थे, वे अब टीएमसी का हिस्सा बन चुके हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, कट मनी और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था, टीएमसी ने उसे



और खतरनाक बना दिया है। हथियारों की तस्करी, ड्रग्स और मवेशी तस्करी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी मां, माटी, मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी, लेकिन अब बंगाल में घुसपैठियों द्वारा, घुसपैठियों के वोट से, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है।

बंगाल अब तुष्टीकरण और वोटबैंक के खेल को और बर्दाश्त नहीं करेग पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करने का वादा किया है। उन्होंने विशेष रूप से मतुआ और नामशूद्र समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी टीएमसी नेता की दया पर यहां नहीं हैं, आपको भारत का संविधान सुरक्षा देता है। यह मोदी की गारंटी है कि भाजपा सरकार बनते ही सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

## महाराष्ट्र के मंत्री का हेलीकॉप्टर कार पार्किंग में उतरा

**पुणे।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल शनिवार को बड़े हादसे से बच गए। पुणे के पुरंदर इलाके में उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड की बजाय कार पार्किंग में उतरा। हेलीपैड वहां से एक किलोमीटर दूर था। पुणे प्रशासन ने बताया कि हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड तैयार किया गया था, पर पायलट ने पार्किंग की खाली जगह को लैंडिंग साइट समझ लिया। उस समय जगह खाली थी, जिससे भ्रम की आशंका है। घटना तब जब भुजबल पुणे में ज्योतिबा फुले की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

# 12 राज्यों-यूटी में एसआईआर, 6.08 करोड़ नाम कटे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दूसरे फेज के तहत उत्तर प्रदेश में फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई। इसके पूरा होने के बाद 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट में कुल 6.08 करोड़ नाम कम हुए हैं।

■ **उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं, यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए**

पिछले साल 27 अक्टूबर को एसआईआर शुरू होने से पहले 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल मतदाता करीब 51 करोड़ थे। फाइनल लिस्ट के बाद यह संख्या 44.92 करोड़ रह गई। एसआईआर के दूसरे फेज में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा समेत पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की गई है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं। यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में भी करीब 91 लाख नाम बाहर हुए। चुनाव आयोग ने 24 जून 2025 को देशभर में एसआईआर कराने का आदेश दिया था। अब तक 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हुए। पहले फेज में बिहार, दूसरे में 9 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश शामिल थे। असम में एसआईआर के बजाय 10 फरवरी को स्पेशल रिवीजन पूरा हुआ था। इस प्रक्रिया के दौरान कई राज्यों में शेड्यूल में बार-बार बदलाव हुए। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों ने इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। देश के करीब 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ शामिल किए जा चुके हैं। बाकी 39 करोड़ को तीसरे फेज में 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में कवर किया जाएगा। इन 22 राज्यों-यूटी में प्रक्रिया इस महीने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद शुरू होगी। पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान करीब 91 लाख नाम हटाए गए। चुनाव आयोग के अनुसार, यह कार्रवाई नवम्बर से चल रही प्रक्रिया के तहत की गई। 28 फरवरी तक के आंकड़ों के मुताबिक एसआईआर शुरू होने के बाद 63.66 लाख नाम हटाए गए थे। इससे मतदाता 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गए।

## कूनो में आई खुशखबरी, चार शावकों की मां बनी गामिनी

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। चीतों के पुनर्वास अभियान को बड़ी सफलता मिली है। 25 माह की भारतीय मूल की मादा चीता गामिनी' ने खुले जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है।

यह घटना न सिर्फ कूनो बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। साल 2022 में शुरू हुए चीता पुनर्वास परियोजना के बाद यह पहली बार है, जब किसी मादा चीता ने जंगल वातावरण में सफलतापूर्वक शावकों को जन्म दिया है। खास बात यह है कि 'गामिनी' भारतीय मूल की मादा चीता है, जिससे यह उपलब्धि और भी ऐतिहासिक बन जाती है। वन विभाग के अनुसार गामिनी पिछले एक साल से अधिक समय से खुले जंगल में रह रही थी और उसने पूरी तरह परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढाल लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### शंकराचार्य को जान से मारने की धमकी मामले में केस दर्ज

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को जान से मारने की धमकी मिलने के मामले में भेलूपुर थाने में शनिवार को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(4) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। धमकी देने वाले ने ऑडियो मैसेज के माध्यम से कहा था कि शंकराचार्य को अतीक अहमद की तरह मार दिया जाएगा और उनका समय नजदीक आ गया है। शंकराचार्य को धमकी दिए जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान धमकी भेजने वाले मोबाइल नंबर की भी पहचान की जा रही है।

### अधिवक्ता की मौत के मामले में एसडीएम निलंबित

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के बरहज क्षेत्र में अधिवक्ता विजेंद्र सिंह की मृत्यु के मामले में शासन ने बरहज के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विपिन कुमार द्विवेदी को निलंबित कर राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया है। इसके साथ ही विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

### कर्नल सोनम वांगचुक के सम्मान में स्मारक बनेगा

**श्रीनगर।** केंद्र शासित लद्दाख प्रदेश प्रशासन महावीर चक्र विजेता और 'लद्दाख के शेर' के नाम से मशहूर कर्नल सोनम वांगचुक (सेवानिवृत्त) के सम्मान में लेह में एक स्मारक स्थापित करेगा। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने कहा कि परिवार, सेना और प्रतिनिधियों के परामर्श से लेह में स्मारक का निर्माण होगा। उद्देश्य उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की विरासत को अमर करना है।

# शहरों में गिरते मतदान प्रतिशत से बढ़ी चिंता

## एसआईआर में बीजेपी के कब्जे वाली सीटों पर सबसे ज्यादा वोट कटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सत्तारूढ़ दल के लिए चुनौती, तो विपक्ष के लिए अवसर भी बनता दिख रहा भाजपा को 16 सीटों पर एक लाख से ज्यादा का नुकसान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में नए चुनावी रुझानों ने हलचल तेज कर दी है। ताजा सर्वे विश्लेषण में सामने आया है कि जिन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है, वहीं सबसे ज्यादा वोटों में गिरावट दर्ज की गई है। यह संकेत न सिर्फ सत्तारूढ़ दल के लिए चेतावनी है, बल्कि विपक्ष के लिए अवसर भी बनता दिख रहा है।

आंकड़ों के मुताबिक, 16 सीटों पर भाजपा को 1 लाख से अधिक वोटों का नुकसान हुआ है, जबकि 21 सीटों पर 80 हजार से ज्यादा वोट घटे हैं। इसके अलावा 82 सीटों पर 50 हजार से अधिक और 159 सीटों पर 30 से 50 हजार के बीच वोटों में गिरावट दर्ज की गई है। खास बात यह है कि इनमें अधिकांश सीटें वही हैं, जहां 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मजबूत बढ़त हासिल की थी। विश्लेषण में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि वोटों में गिरावट का सबसे ज्यादा असर शहरी इलाकों में देखने को मिला है। लखनऊ, कानपुर, नोएडा जैसे शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं का झुकाव बदला है, जबकि ग्रामीण इलाकों में भाजपा का आधार अपेक्षाकृत स्थिर बना हुआ है। इसे शहरी मतदाताओं की अपेक्षाओं, स्थानीय मुद्दों और संगठनात्मक सक्रियता में कमी से जोड़कर देखा जा रहा है।

इस बदलते ट्रेंड ने समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों को नया सियासी नैरेटिव दे दिया है। सपा को करीब 55 सीटों पर लाभ की संभावना जताई जा रही है, जबकि कई सीटों पर मुकाबला कड़ा होने के संकेत हैं। विपक्ष इसे जन असंतोष के तौर पर पेश कर रहा है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह गिरावट सीधे तौर पर सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं है, लेकिन भाजपा के लिए यह एक स्पष्ट चेता. वनी जरूर है। खासकर उन सीटों पर, जहां जीत का अंतर कम था, वहां यह गिरावट भविष्य में जोखिम बढ़ा सकती है।

आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा को शहरी क्षेत्रों में संगठन को और मजबूत करने, स्थानीय मुद्दों पर फोकस बढ़ाने और मतदाताओं से सीधा संवाद बढ़ाने की जरूरत होगी। विपक्ष इस मौके को भुनाने की कोशिश में जुट गया है। कुल मिलाकर यह ट्रेंड उत्तर प्रदेश की राजनीति में साइलेंट शिफ्ट का संकेत दे रहा है–जहां मुकाबला पहले से ज्यादा दिलचस्प और कांटे का होता नजर आ रहा है। एसआईआर को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जो निर्वाचन आयोग की तरफ से की जाती है। कहां वोट कम हुए कहां ज्यादा हुए इसको लेकर पार्टी अपने हिंसाब से मंथन करेगी। देश की जनता आज भी भाजपा सरकार की नीतियों में विश्वास करती है और आगे भी करती रहेगी।

# सपा सरकार में जगहों के नाम बदले गए

शाह टाइम्स ब्यूरो



महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर मायावती का संदेश, सपा सरकार पर बोला हमला, बसपा सरकार के किए गए नामकरण को सपा सरकार ने बदला: मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर उन्होंने समा. जवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए पूर्व में किए गए नामकरणों को बदलने का आरोप लगाया। सुश्री मायावती ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अति-पिछड़े, दलित और वंचित समाज के उत्थान को ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी पहल की, जिसमें उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का योगदान भी अतुलनीय रहा। उन्होंने फुले के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के अभाव में समाज का बौद्धिक, नैतिक और आर्थिक विकास बाधित होता है। मायावती ने यह भी कहा कि भीम राव अंबेडकर ने भी फुले के विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मुख्य आधार बनाया। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में कई जिलों का नामकरण महापुरुषों के सम्मान में किया गया था। उन्होंने कहा कि अमरोहा का नाम बदलकर ज्योतिबा फुले नगर रखा गया था, लेकिन बाद में सपा सरकार ने इसे बदल दिया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार ने कासग. ंज, संभल, शामली और हापुड़ जैसे जिलों का नाम भी महापुरुषों के नाम पर रखा था, जिन्हें बाद में बदल दिया गया। यह कदम संकीर्ण राजनीति और जातिवादी सोच का परिचायक है। महात्मा फुले के प्रयासों से न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश में सामा. जिक परिवर्तन की नई चेतना जागृत हुई। उनके द्वारा शुरू किए गए महिला शिक्षा और सामाजिक सुधार के कार्य आज भी प्रेरणादायक हैं।

# फैशन टीवी के नाम पर पांच सौ करोड़ ठगे

लखनऊ, वार्ता

### देश के पीड़ित व्यापारियों ने लगाया आरोप

उत्तर प्रदेश की राजधानी के गोमती होटल में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में देश भर से पहुंचे पीड़ित व्यापारियों ने कथित तौर पर फैशन टीवी के नाम पर चल रहे 500 करोड़ रुपये से अधिक के बड़े घोटाले का खुलासा किया।

पीड़ितों का दावा है कि इस फर्जी निवेश योजना में 200 से ज्यादा कारोबारी ठगी का शिकार हुए हैं, जिनमें से कई कर्ज में डूब कर आर्थिक रूप से तबाह हो चुके हैं। लखनऊ के मनोज अग्रवाल, दिल्ली के विकास बंसल और मुंबई के राजेश तलवानी सहित कई व्यापारियों ने अपनी आपबीती साझा की। उनका आरोप है कि यह एक सुनियोजित और लंबे समय से चल रहा आर्थिक अपराध है, जिसमें लोगों को एक साल में 80 प्रतिशत तक मुनाफे का लालच देकर फंसाया गया। पीड़ितों के मुताबिक कंपनी के प्रतिनिधि सोशल मीडिया के जरिए बड़े पैमाने पर प्रचार करते थे और निवेश पर भारी रिटर्न का भरोसा दिलाते थे। शुरुआत में भरोसा जीतने के बाद फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये वसूले जाते थे। दिल्ली से आए विकास बंसल ने कहा कि इस घोटाले ने सैकड़ों परिवारों को बर्बाद कर दिया। कई लोगों ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगा दी, जबकि कुछ ने कर्ज लेकर निवेश किया। अब वे आर्थिक और मानसिक रूप से टूट चुके हैं। मुंबई के कारोबारी राजेश तलवानी ने भावुक होते हुए बताया कि उन्होंने करीब 12 साल पहले 3 करोड़ रुपये निवेश किए थे।

## ज्योतिबा फुले व सांगा की जयंती से एक दिन पहले योगी का ऐलान

# थारू समाज पर दर्ज केस वापस लेगी सरकार

लखीमपुर खीरी, वार्ता



■ पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सपा के शासनकाल में थारू समाज पर दर्ज मुकदमों को उनकी सरकार वापस लेगी।

महात्मा ज्योतिबा फुले व महाराणा सांगा के जन्मदिवस के एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। उन्होंने कहा कि अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें। सरकार किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने और नौजवानों की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देगी। मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया और पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ रुपये की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। उन्होंने कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति देखी और उनकी सराहना भी की और कहा कि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी हो। शासन की खुशी का आधार व्यक्तिगत अभिलाषा का पूर्ण होना नहीं, बल्कि जनता-जनार्दन की खुशी है। यह कार्य तभी होता है, जब सत्ता में संवेदना होती है और सेवा के माध्यम से यह जनता-जनार्दन तक पहुंचती है।

### भूमिधरी अधिकार पत्र ने इतिहास की अधूरी तमन्ना को किया पूरा: योगी

**लखीमपुर खीरी।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बांग्लादेश से विस्थापित विभिन्न हिंदू परिवारों को संक्रमणीय एवं असंक्रमणीय भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित करते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि न्याय का वह क्षण है, जिसने इतिहास की अधूरी तमन्ना को पूरा किया है। भारतीय परंपरा में धर्म की व्याख्या परहित सरिस धरम नहि भाई के रूप में की गई है और इसी भावना के साथ डबल इंजन सरकार पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में पहली बार थारू समुदाय, जो महाराणा प्रताप को अपना पूर्वज मानता है, उसे भूमि अधिकार उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वर्तमान वंशजों को भी अधिकार पत्र दिए गए हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74616.58

निफ्टी 23123.65



सोना 15299

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934

प्रति किलो



# सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट में हमीरपुर अव्वल, बरेली द्वितीय

## रामपुर तीसरे व मैनपुरी चौथे स्थान पर रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ी है, जिससे उत्तम प्रदेश के लक्ष्य की ओर यूपी मजबूती से अग्रसर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीएम डैशबोर्ड की मार्च माह की जारी रिपोर्ट में हमीरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है जबकि बरेली दूसरे और रामपुर तीसरे स्थान पर रहे।

यह रैंकिंग जिलों के विकास कार्यों, राजस्व प्रबंधन और कानून-व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर तैयार की गई है। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में 49 विभागों के 110 कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा की जाती है। इसमें जनसुनवाई, राजस्व कार्य, विकास योजनाएं और कानून-व्यवस्था जैसे अहम पहलुओं को शामिल किया जाता है। इसके आधार पर हर माह जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है, जिससे प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता भी सुनिश्चित होती है। रिपोर्ट के अनुसार, मैनपुरी ने चौथा और हरदोई ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप-10 जिलों में शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, जालौन, सोनभद्र और कौशांबी ने भी जगह बनाई है। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के अनुसार, जिले में विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जा रहा है, जिसका परिणाम लगातार बेहतर रैंकिंग के रूप में सामने आ रहा है। सीएम डैशबोर्ड की सतत निगरानी से प्रदेश में प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ी है और विकास कार्यों में तेजी आई है, जिससे उत्तम प्रदेश के लक्ष्य की ओर उत्तर प्रदेश मजबूती से अग्रसर है।

# सोना और चांदी की कीमतों में आई तेजी

**नई दिल्ली।** शनिवार को सोने की कीमतों में फिर से तेजी देखी गई। मिडिल ईस्ट में तनाव, मजबूत वैश्विक मांग और कमजोर डॉलर के चलते सोने की कीमतें दोबारा बढ़ती नजर आ रही हैं। आज लगातार दूसरे दिन सोने की कीमतों में उछाल आया और यह लगातार तीसरे हफ्ते बढ़त की ओर बढ़ रहा है।

भारत में सोने की कीमत बढ़ने की एक और वजह अक्षय तृतीया (जो 19 अप्रैल को पड़ता है) है, जिसमें सोने की खरीदारी का चलन है। एमसीएक्स पर आज 24 कैरेट सोने का भाव दिल्ली में 15,299 रुपये है, जबकि मुंबई में 15,284 रुपये, कोलकाता में 15,284 रुपये और चेन्नई में 15,382 रुपये है। चांदी की कीमत आज 2,39,934 प्रति किलोग्राम है। रिटेल लेवल पर तनिष्क, कल्याण ज्वेलर्स, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स जैसे प्रमुख ज्वैलर्स आज 22 कैरेट सोने की कीमत 13,965 रुपये से 14,065 रुपये प्रति ग्राम के बीच बता रहे हैं।

आज के सोने के रेट और शोरूम की कीमतों के बीच यह अंतर इन्वेंट्री लागत, स्थानीय मूल्य निर्धारण रणनीतियों और परिचालन कारकों के कारण है, भले ही भारत में सोने का नवीनतम रेट मोटे तौर पर एक जैसा ही रहता है। ऊपर दी गई कीमतों में 3 परसेंट जीएसटी और मेकिंग चार्जेस शामिल नहीं हैं।

# चावल, गेहूं के भाव गिरे, चीनी मजबूत, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं में भी नरमी रही जबकि चीनी में तेजी देखी गई। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 97 रुपये टूटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,770 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। मूंग दाल की औसत कीमत 32 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 35 रुपये और चना दाल 20 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल की कीमत 19 रुपये और मसूर दाल की नौ रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 141 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की औसत कीमत 120 रुपये और पाम ऑयल की 85 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 52 और सरसों तेल में 32 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वनस्पति 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़। चीनी भी 28 रुपये महंगी हुई। दाल चना 7666.84 रुपये, मसूर काली 8055.01 रुपये, मूंग दाल 10183.61 रुपये, उड़द दाल 10801.14 रुपये, तुअर दाल 11227.68 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2769.81 रुपये और चावल 3759.41 रुपये प्रति क्विंटल और आटा द्धगेहूंक्ष 3277.88 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4328.72 रुपये और गुड़ 4998.30 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17881.67 रुपये, मूंगफली तेल 19000.95 रुपये, सूरजमुखी तेल 17507.82 रुपये, सोया तेल 14838.54 रुपये, पाम ऑयल 13531.46 रुपये और वनस्पति 14798.33 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# सीएम योगी नकली संत: सपा

## इस बार पीडीए भाजपा का शुद्धिकरण कर देगा : अखिलेश

जयपुर, वार्ता




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने सीएम योगी को नकली संत करार देते हुए कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पीडीए भाजपा का शुद्धिकरण कर देगा। अखिलेश यादव ने शनिवार को जयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यूपी में एक नकली संत है, जो दूसरों से सर्टिफिकेट मांग रहे थे, उनके पास अपना ही सर्टिफिकेट नहीं है।

उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ दावा करते हैं कि वो सुबह 3:30 बजे उठते हैं, लेकिन जब उन्हें योग करने का मौका मिला, तो वो डगमगाने लगे। अभी कुछ दिन पहले ही सीएम योगी जापान गए थे। जैसे ही वहां की बुलेट ट्रेन 500 किलोमीटर की रफ्तार से ऊपर हुई, तो वो ताली बजाने लगे। कभी उन्हें क्रिकेट खेलते हुए देखना, तीन टप्पे खाने के बाद भी बल्ला हवा में घूमाते रहते हैं, कभी उन्हें बास्केटबाल खेलते हुए देखोगे, तो पाओगे कि वो बुलडोजर पर चढ़कर आएंगे और अपनी बाल को बास्केट में डाल देंगे। अखिलेश यादव ने शंकराचार्य को मिली जान से मारने की धमकी के सवाल पर कहा कि शंकराचार्य के विचार बहुत महत्वपूर्ण हैं। वो यूपी में कई नकली संतों का मुकाबला कर रहे हैं। उनकी बहादुरी को उनके साहस को हम बधाई देते हैं। पीडीए के लोग हमेशा शंक. राचार्य का सम्मान करते थे और करते रहेंगे। अखिलेश यादव ने यूपी में एसआईआर को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी शुद्धिकरण कभी महसूस नहीं कर सकती है। भाजपा के लोग जनता को इशारा कर रहे हैं कि हम आपको तभी वोट डालने देंगे, जब आपका शुद्धिकरण कर देंगे।

# 2027 विस चुनाव के लिए रणनीति बदलने पर मजबूर हुए राजनीतिक दल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में 166 दिनों के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) अभियान के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची में दो करोड़ से ज्यादा नाम डिलीट किए गए हैं।

निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया से न सिर्फ वोटरों की सूची में व्यापक बदलाव हुआ है, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति बदलने को मजबूर कर दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया पर भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में कड़ी नजर रखी। इन पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को न केवल वोटरों को शहरी इलाकों से गांवों की ओर न जाने के लिए मनाने के काम में लगाया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने के बाद नए वोटरों के नाम भी दर्ज किए जाएं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यूपी में चलाई गई एसआईआर की पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी, लोकतंत्र के साथ धोखा और जनता के मताधिकार का सीधा हनन है। पार्टी वर्तमान मतदाता सूची को बिल्कुल स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने मांग की कि चुनाव से पहले व्यापक जांच कर सभी 18 वर्ष पूरा कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं। अगर केंद्रीय चुनाव आयोग यह काम करने में असमर्थ है तो नगर निकायों और ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची को ही विधानसभा चुनाव के लिए इस्तेमाल किया जाए। दरअसल, 27 अक्टूबर, 2025 से 10 अप्रैल के बीच, वोटर लिस्ट में न सिर्फ शहरी इलाकों जिनमें लखनऊ, गाजियाबाद, कानपुर नगर, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ, आगरा और प्रयागराज शामिल हैं बल्कि ज्यादा ग्रामीण आबादी वाले जलिों: कन्नौज, बलरामपुर, बदायूं, बहराइच, फर्रुखाबाद, सोनभद्र और इटावा में भी वोटरों के नाम हटाए गए। राज्य के शहरी इलाकों को भारतीय जनता पार्टी द्धभाजपाक्ष का गढ़ माना जाता है, और इन इलाकों ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी, जिससे विपक्षी समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के जनाधार को नुकसान पहुंचा था। 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने लखनऊ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ और प्रयागराज में सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं।

# कांग्रेस ने केंद्र की विदेश नीति पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** शनिवार को इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता की आहट के बीच कांग्रेस पार्टी ने शांति की संभावनाओं पर सावधानी भरी उम्मीद जताई है। साथ ही पार्टी ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला करते हुए तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्थिति पर 'गंभीर सवाल' उठाए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि इस बैठक से भारत सहित वैश्विक स्तर पर यह उम्मीद जगी है कि यह अमेरिका-ईरान के बीच 'टिकाऊ शांति प्रक्रिया की शुरुआत' हो सकती है। रमेश ने इस अवसर का उपयोग सरकार के राजनयिक दृष्टिकोण में विसंगतियों और चूके अवसरों पर सवाल उठाने के लिए किया और पीएम मोदी व उनकी संपर्क रणनीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने मेजबान के रूप में पाकिस्तान की भूमिका पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सवाल किया कि अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले में कथित संलिप्तता और उसे अलग-थलग करने के भारत के राजनयिक प्रयासों के बावजूद इस्लामाबाद नई भूमिका गढ़ने' में कैसे कामयाब रहा। उन्होंने वर्तमान स्थिति की तुलना 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद के समय से की और कहा कि तब पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने 'पाकिस्तान को बहुत प्रभावी ढंग से अलग-थलग कर दिया था'।

# सीएम डैशबोर्ड मार्च रिपोर्ट में हमीरपुर पहले नंबर पर

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले नौ वर्षों से समग्र विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रदेश में न केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

सीएम योगी के सपनों को साकार करने में सीएम डैशबोर्ड अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। सीएम डैशबोर्ड से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में सीएम डैशबोर्ड की मार्च की रिपोर्ट में प्रदेशभर में हमीरपुर ने बेहरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि बरेली ने दूसरा और रामपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

सीएम डैशबोर्ड द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था पर रिपोर्ट जारी की जाती है। डैशबोर्ड द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 110 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसंके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। सीएम डैशबोर्ड की मार्च माह की रिपोर्ट के अनुसार हमीरपुर ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं बरेली जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

रामपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप रामपुर में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। यही वजह है कि रामपुर पिछले कई माह से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टाप टेन जिलों में अपने जगह बनाए हुए है। वहीं, हमीरपुर ने विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में 10 में से 9.55 अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह बरेली ने 9.54 अंक हासिल किये हैं। सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट के अनुसार रामपुर ने 10 में से 9.51 अंक प्राप्त किये हैं। इसी तरह मैनपुरी चौथे और हरदोई पां. चवे पायदान पर है। वहीं टॉप टेन जिलों में शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, जालौन, सोनभद्र और कौशांबी ने जगह बनाई है।

### अब रविंद्र नगर के नाम से जाना जाएगा लखीमपुर खीरी का मियांपुर

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी जिले की मोहम्मदी तहसील इलाके के मियांपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मियांपुर का नाम बदलकर रविंद्र नगर किए जाने का ऐलान किया।

अपने भाषण के दौरान सीएम योगी ने कहा कि भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय बसे हुए हिंदुओं को भौमिक अधिकार का दर्जा दिया है, साथ ही सरकार द्वारा दी जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आप लोगों की पहचान छुपाने के लिए गांव का नाम मियांपुर किया गया, जहां एक भी मुसलमान नहीं, वहां का नाम मियांपुर कर दिया गया, लेकिन अब इसका नाम मियांपुर नहीं रहेगा, बांग्लादेश से आए इन बंधुओं की बस्ती का नाम रविंद्र नगर होगा। उन्होंने कहा कि इस देश को राष्ट्रगान देने वाले रविंद्र नाथ टैगोर के नाम पर अब आपकी पहचान होगी। सीएम ने ये भी कहा कि बंगाल की धरती भारत के आध्यात्म और विरासत की धरती है। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को भौमिक अधिकार पत्र का मंच पर वितरण किया। इस दौरान सभा में मौजूद लोगों ने योगी-योगी के नाम के नारे लगाए।

# चिकित्सा विभाग की अहम कड़ी हैं फार्मासिस्ट: पाठक



**लखनऊ।** फार्मासिस्ट चिकित्सा विभाग की अहम कड़ी हैं। वे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का एक अभिन्न अंग हैं। फार्मासिस्ट डाक्टरों द्वारा लिखे गए नुस्खों के अनुसार मरीजों को सुरक्षित और सही दवाएं उपलब्ध कराते हैं। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। वे शनिवार को डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशनधनिर्वाचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट की भूमिका केवल मरीजों को दवा देना ही नहीं वरन मरीजों की सुरक्षा और सही उपचार सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में हम लोगों के दायित्व अलग हो सकते हैं लेकिन लक्ष्य हमारा एक ही है। पाठक ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से जो भी मांग पत्रप्राप्त हुआ है, उनके स्तर जो संभव होगा, उसका प्रस्ताव तैयार कर मांग को जरूर पूरा कराया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने डीजी, हेल्थ को तत्काल ही प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे हर परिस्थिति में एसोसिएशन के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े हैं। कार्यक्रम में महानिदेशक, चिकित्सा डा. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक, प्रशिक्षण डा. रंजना खरे, प्रदेश अधयक्ष, डीपीआरए जेके सचान, महामंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, आरके निगम, जेडी, पैरामेडिकल डा. सुनील वर्मा, अधयक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद आरके वर्मा, संप्रेक्षक, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद नागेंद्र भूषण पांडेय जी, निदेशक, पैरामेडिकल डा. संजू अग्रवाल एवं अन्य गणमान्यजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाएं संस्थान: राज्यपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नये भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए यह बेहद जरूरी हो गया है कि वर्तमान वैश्विक चुनौतियों को धयान में रखते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जाए। इस कार्य की सफलता के लिए शैक्षिक संस्थानों को ऐसे विषयों पर विशेष धयान होगा, जिनके माधयम से रोजगार के नये नये अवसर मिल सके। उक्त बातें राज्यपाल आनंदी बेन पटेल शनिवार को जनपद प्रवास के दौरान कहीं।

उन्होंने प्रो. राजेंद्र प्रसाद रज्जू भैया विश्वविद्यालय में नवनिर्मित शैक्षणिक सुविधाओं का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का मकसद छात्रें को सिर्फ डिग्रियां बांटना नहीं बल्कि उन्हें योग्य और आत्मनिर्भर बनाना है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल शनिवार को प्रयागराज पहुंचीं। उन्होंने प्रो. राज. ेंद्र प्रसाद रज्जू भैया विश्वविद्यालय में नवनिर्मित शैक्षणिक सुविधाओं का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का मकसद छात्रें को सिर्फ डिग्रियां बांटना नहीं बल्कि उन्हें योग्य और आत्मनिर्भर बनाना है। कई दिनों से विश्वविद्यालय परिसर के बाहर चल रहे आंदोलन की तरफ ईशारा करते हुए उन्होंने कहा कि अभिभावकों को विश्वविद्यालय पहुंचकर उन्हें अपने बच्चों की स्थिति का मूल्यांकन करना चाहिए। उन्होंने छात्रें से नशे से दूर रहते हुए अपने भविष्य पर धयान देना चाहिए। राज्यपाल ने मौजूदी वैश्विक स्थिति का जिक्र करते हुए आत्मनिर्भर बनने की बात कही। आत्मनिर्भर होना आज की आवश्यकता है। विश्व में दूसरे देशों के बीच हो रहे युद्ध का असर घर की रसोई तक पड़ रहा है।

# ज्योतिराव फुले का भावपूर्ण स्मरण किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6 लाजपत राय भवन कैसरबाग पर महात्मा ज्योतिराव गोविन्दराव फूले की जयन्ती मनाई गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', सांसद आर0के0 चौधरी एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ पार्टी के अन्य नेताओं एवं पदाधिकारियों ने महात्मा ज्योतिराव गोविन्दराव फूले के चित्रपर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया।

जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि ज्योतिराव फुले एक महान समाजज सुधारक, महान क्रान्तिकारी भारतीय विचारक एवं उच्च कोटि के दार्षनिक थे। उनकी समाजसेवा देखकर 1888 में मुंबई की एक विशाल सभा में उन्हे 'महात्मा' की उपाधि दी गयी। इस मौके पर प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, जिला उपाधयक्ष टी0बी0 सिंह, अनिल पासी, बचान सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष मोहनलालग. ंज उमाशंकर वर्मा, इष्तियाक अहमद, महिला सभा जिलाधयक्ष प्रेमलता यादव, व्यापार सभा जिलाधयक्ष संजय यादव, मजूदर सभा जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू', शिक्षक सभा जिलाधयक्ष अवधेश सिंह यादव, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाधयक्ष विजय यादव, सत्येन्द्र रावत, धीरज यादव, मनोज यादव, शिवम यादव 'गोलू' के साथ दर्जनों पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बडे हनुमान मंदिर पर कराया सुन्दरकांड का पाठ



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में संगम क्षेत्रके बंधवा स्थित बडे हनुमान मंदिर में सुन्दरकांड का पाठ विधि विधान से कराया गया। इस दौरान पवन पुत्रहनुमान जी के भक्तजनों का तांता लगा रहा। पाठ के समापन के बाद प्रसाद वितरण और भण्डारे सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धापूर्वक किया गया। जिसका आनंद भक्तजनों ने पूरे मनोयोग के साथ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महासभा के महामंत्री राजकुमार श्रीवास्तव एवं सदस्य अनूप श्रीवास्तव सदस्य कायस्थ महासभा मनोज श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रयागराज महानगर के अधयक्ष एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता अश्वनी कुमार श्रीवास्तव आदि ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

# फर्जी डिग्री व मार्कशीट के लिए ग्राहक तलाशने वाला एजेंट गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**प्रयागराज।** माधयमिक शिक्षा परिषद द्धयूपी बोर्डत्रः की फर्जी वेबसाइट तैयार कर मार्कशीट और डिग्रियां बेचने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी अनंत सत्यम निगम को गिरफ्तार किया है।

सिविल लाइंस के तेज बहादुर सप्रू मार्ग निवासी आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 88 फर्जी अंकपत्र, डिप्लोमा व प्रव्रजन प्रमाणपत्र, 14 पासबुक, 21 चेक बुक, पांच डेबिट कार्ड, चार मोबाइल फोन व पांच सिमकार्ड बरामद किए हैं। जांच में पता चला कि अनंत सत्यम फर्जी डिग्री व मार्कशीट के लिए ग्राहक तलाशने का काम करता था। उसे प्रति ग्राहक के हिसाब से 20 हजार रुपये कमीशन मिलता था। साइबर पुलिस मामले में अब तक आजमगढ़ के एक बीफार्मा कालेज के संचालक शशि प्रकाश राय समेत कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस गिरोह का कनेक्शन कानपुर, जौनपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी समेत यूपी के कई शहरों के 60-70 एजुकेशन सेंटर से था। सेंटर के लोग छात्रें व अभिभावकों को विज्ञापन के माधयम से घर बैठे बीफार्मा, डीफार्मा समेत अन्य डिग्रियां प्राप्त करने का लालच देते थे। इसके बदले मोटी रकम वसूली जाती थी।

बिना परीक्षा दिए ही बीफार्मा, डीफार्मा आदि की फर्जी डिग्रियां उपलब्ध करा दी जाती थीं। गिरोह का नेटवर्क सोशल मीडिया और एजेंट के जरिये संच. ालित होता था। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ओम नारायण गौतम ने बताया कि अनंत सत्यम निगम फर्जी डिग्री व मार्कशीट के लिए ग्राहक तलाशने का काम करता था। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## एक नजर

### आनंदी बेन के आगमन पर ड्यूटी में तैनात दरोगा की मौत

**प्रयागराज।** राज्यपाल आनंदी बेन के आगमन पर ड्यूटी पर तैनात दरोगा की मौत हो गई। नैनी के अरैल क्षेत्रमें दरोगा नकछेद कनौजिया की डड्यूटी लगी थी। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। तत्काल उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी। दरोगा की डड्यूटी बारा थाने में थी। घटना के बाद तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मामले की छानबीन की जा रही है। घटना की सूचना दरोगा के परिजनों को दी गई है। बारा थाना में दो वर्ष से तैनात उपनिरीक्षक नकछेद कन्नौजिया मूल रूप से अयोधया जिले के रहने वाले थे। राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर उनकी वीआईपी डड्यूटी अरैल में डीपीएस स्कूल के पास हेलीपैड पर लगाई गई थी। बताया जाता है कि हृदयगति रुकने से उनकी मौत हो गई। रिटायर्ड होने में महज चार महीने शेष बचा थे।

### आग से पांच गृहस्थियां जलकर राख

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्रअंतर्गत तुरकौली गांव में बीती रात अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने पांच परिवारों की गृहस्थी उजाड दी। तुरकौली गांव के मुरावन पुरवा में शुक्रवार की रात्रिकरीब 10रू45 पर राम प्रसाद के छप्पर के मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पास के ही बद्री, पाटनदीन, देवी दीन और दिनेश के छप्पर के आशियानों को भी अपने आगोश में ले लिया। सूचना पर मौके पर पंहुची डायल 112 टीम और पुलिस ने गांव के लोगों के साथ मिलकर घंटों कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया।पीड़ित बद्री पुत्ररामकुमार ने बताया कि आग लगने से तीन पंखा, चार्जर, राशन,तीन साइकिल, कपड़े सहित जेवर और तीन लाख की नगदी जलकर राख हो गई है।देवी दीन ने बताया कि उनका कूलर, पंखा, साइकिल, बिस्तर, कपड़े और चारपाई जल गई है। राम प्रसाद का छप्पर और भूसा, दिनेश सिंह का डेढ क्विंटल सरसों और कपडे, मुन्ना का छप्पर, राशन, चारा काटने की मशीन, कपड़े, जलकर राख हो गया । सुशीला की बाइक और बद्री का आटो भी क्षतिग्रस्त हो गया है।गांव के प्रधान प्रतिनिधि रिषभ सिंह ने बताया कि अग्निकांड की सूचना तहसील में दे दी गई है। पीड़ित परिवारों को यथा संभव सहायता भी दी जा रही है।

### हार्डबोर्ड लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थानाक्षेत्रअंतर्गत गोंडा-अयोधया मार्ग पर शनिवार सुबह एक हार्डबोर्ड से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। अयोधया की ओर जा रहा ट्रक शनिवार की सुबह करीब साढ़े छः बजे दुल्लापुर रेलवे क्रासिंग के पास मोड़ पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटते ही सड़क पर आवागमन बाधित हो गया और जाम लग गया।स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक चालक को केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला। चालक की पहचान शब्बानी निवासी अकबरपुर, अंबेडकरनगर के रूप में हुई है। उसने बताया कि वह लखीमपुर से हार्डबोर्ड लादकर बिहार के सीवान जा रहा था।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाकर यातायात बहाल कराया। थानाधयक्ष अभय सिंह ने बताया कि हादसे में चालक को मामूली चोटें आई हैं और स्थिति अब सामान्य है।

### शाहगंज बाजार से कारोबारी लापता

**प्रयागराज।** शहर की सबसे बड़ी इलेक्ट्रानिक मार्केट शाहगंज से बृहस्पतिवार दोपहर एक कारोबारी अचानक लापता हो गया। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर व्यापारी की तलाश शुरू कर दी है। अतरसुइया के मीरापुर तिराहा निवासी प्रभाकर शाहगंज की इलेक्ट्रानिक मार्केट स्थित बालाजी इलेक्ट्रानिक्स के मालिक हैं।

पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे प्रभाकर अपनी दुकान पर थे, तभी उनके पास किसी का फोन आया और वह अचानक दुकान से उठकर पैदल निकल गए। देर शाम तक जब वह दुकान और घर नहीं पहुंचे तो लोग उनकी खोजबीन करने लगे। देर रात तक जब उनका कोई सुराग नहीं लगा तो प्रभाकर के साले आशीष सेठिया ने शाहगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इंस्पेक्टर शाहगंज कपिल चहल ने बताया कि लापता व्यापारी का सीसीटीवी फुटेज निकाला गया है, जिसमें वह जानसेनगंज चौराहे तक खुद पैदल जाते हुए देखे गए हैं। इसके बाद उन्होंने अपना मोबाइल भी स्विच आफ कर लिया। मोबाइल फोन के सीडीआर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी खोजबीन की जा रही है। जल्द ही कारोबा. री को खोज लिया जाएगा।

### राघवेंद्र बने कैट बार एसो. के अध्यक्ष

**प्रयागराज।** केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण द्धकैटत्रः बार एसोसिएशन के चुनाव में अधयक्ष पद पर अधिवक्ता राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी लाल मणि सिंह को 10 मतों से पराजित करते हुए तीसरी बार जीत हासिल किया। नव निर्वाचित अधयक्ष राघवेंद्र को 208 तथा लाल मणि सिंह को 198 मत मिले। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वे एसोसिएशन के हितों की रक्षा, अधिवक्ताओं के कल्याण और संस्था की गरिमा को बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। वहीं, हाईकोर्ट के निर्देश पर नियुक्त किए गए आब्जर्वर की निगरानी में मतगणना हुई, जिसे देर रात को रोक दिया गया। शेष पदों की मतगणना सोमवार को होगी। इस अवसर पर अधिवक्ता अनिल सिंह, कमलेश श्रीवास्तव, करिश्मा सिंह, मनोज उपाधयाय आदि मौजूद रहे।

# रामगंगा नदी बनी खतरे की घंटी

## अवैध खेती और विभागीय लापरवाही से बिगड़े हालात





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भूतपुरी क्षेत्र में रामगंगा नदी के किनारे हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। नदी में जमा हो रही सिल्ट और सिंचाई विभाग की जमीन पर हो रही अवैध खेती के कारण पानी का प्राकृतिक बहाव बाधित हो गया है, जिससे नदी का तल ऊंचा हो गया है और आसपास के गांवों में हर साल बाढ़ जैसी स्थिति बन रही है।

स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि मुबारकपुर, गावड़ी, घोसियों वाला, हाफिजाबाद, दल्लीवाला, मनोहर वाली और चतरपुर सहित एक दर्जन से अधिक गांव हर वर्ष जलमग्न हो जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2010 में आई भीषण बाढ़ के बाद से यह समस्या लगातार बनी हुई है और हर साल करीब तीन महीने तक खेतों और गांवों में पानी भरा रहता है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सिंचाई विभाग की कीमती जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर खेती की जा रही है, जिसके चलते नदी का बहाव रुक रहा है और जलभराव की समस्या विकराल होती जा रही है।

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि रामगंगा नदी अब पुल और हाईवे के बेहद करीब पहुंच गई है, जिससे न केवल गांवों बल्कि पीडब्ल्यूडी की सड़क और राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी खतरा मंडराने लगा है। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सिंचाई खंड मुरादाबाद और सिंचाई खंड धामपुर (अफजलगढ़) के बीच जिम्मेदारी को लेकर विवाद बना हुआ है।

दोनों विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं, जिसके कारण समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा और इसका खामियाजा सीधे तौर पर किसानों और ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बातचीत में ग्रामीणों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि पिछले 8-10 वर्षों से वे इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला है।

अब ग्रामीणों की निगाहें 13 अप्रैल पर टिकी हैं, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री बिजनौर दौरे पर आने वाले हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस बार उनकी समस्या मुख्यमंत्री तक पहुंचेगी और कोई स्थायी समाधान निकलेगा।

ग्रामीणों की मांग है कि सिंचाई विभाग की जमीन से अतिक्रमण हटाया जाए, नदी के बहाव को प्राकृतिक रूप से बहाल किया जाए, जलभराव की स्थायी समस्या का समाधान किया जाए अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन समय रहते जागेगा या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही कार्रवाई होगी?

# प्रेरणा परमार्थ आश्रम ने किया नि:शुल्क शीतल प्याऊ सेवा प्रारंभ



**प्रयागराज।** प्रेरणा परमार्थ आश्रम द्वारा संगम तट पर श्रद्धालुओं और आमजन के लिए नि:शुल्क शीतल प्याऊ सेवा का शुभारंभ किया गया। यह सेवा अघोर मूर्ति कर्मयोगी श्रद्धेय श्री भैयाजी की प्रेरणा से पिछले लगभग 25 वर्षों से प्रत्येक वर्ष तीन माह के लिए संगम क्षेत्रमें संचालित की जाती रही है। संगम में दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को गर्मी के मौसम में शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सेवा लगाई जाती है, ताकि यहाँ आने वाले लोगों को जल के लिए परेशान न होना पड़े। वर्तमान में यह सेवा परम पूज्य अघौड़ संत प्रियदर्शी राम महाराज श्री के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है। प्याऊ स्थल पर सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक श्रद्धालुओं और आमजन को नि:शुल्क शीतल एवं स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाता है।

# पुलिस ने 18 मवेशी लदा कंटेनर किया सीज

## दो पशु व्यापारियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मवेशी लदे तीन कंटेनर पकड़ लिए। दो में 10-10 मवेशी लदे मिले। कागज पूरे होने पर पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। जबकि तीसरे कंटेनर में 18 मवेशी लदे थे। उसके कागज भी पूरे नही थे। लिहा. जा पुलिस ने उसे सीज कर दिया तथा उसमें सवार दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

शनिवार सुबह नौगावां सादात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिजनौर की तरफ से आ रहे तीन कंटेनर में मवेशी लाए जा रहे हैं। लिहाजा पुलिस ने नूरपुर रोड़ पर घेरा. बंदी कर मवेशी लदे तीनों कंटेनर पकड़ लिए। दो कंटेनर में 10-10 मवेशी लदे थे। जबकि तीसरे में 18 मवेशी थे। यह मवेशी बिजनौर जिले के नूरपुर से हापुड़ लाए जा रहे थे। जिन दो कंटेनर में 10-10 मवेशी थे उनके चालक के पास साप्ताहिक बाजार से खरीदारी की चिट्ठी भी थी। जबकि तीसरे कंटेनर में क्रूरता पूर्वक मवेशी लदे थे। पुलिस ने उसके चालक व एक अन्य साथी को पकड़ लिया है। जो न तो वाहन के कागज दिखा सके तथा न ही मवेशियों की खरीद-फरोख्त की चिट्ठी। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना नाम रियाज निवासी मकसूदपुर थाना डिडौली तथा मोहम्मद फहीम निवासी मोहल्ला पापड़ी नौगावां सादात बताया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए कंटेनर को सीज कर दिया है।

# पति ने किया प्लाटॅ का सौदा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने किसी दूसरी महिला को अपनी पत्नी बताकर 140 गज के प्लाट का सौदा कर दिया। जब व्यक्ति की पत्नी को जानकारी हुई तो उसने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा निवासी एक महिला के नाम नगर में एक 140 गज का प्लाट है , लेकिन उसका पति जुआ खेलने का आदी है। जुए की लत में पैसा लगाने के लिए वह अब प्लाट बेचने की जुगत में लग गया, लेकिन उसकी पत्नी ने प्लाट बेचने के लिए रजामंदी नहीं दी। जिसके बाद व्यक्ति ने प्लाट बेचने के लिए किसी अन्य महिला को अपनी पत्नी बताते हुए किसी को अपने प्लॉट का सौदा कर दिया। जब इस बात की जानकारी हुयी तो महिला के पैरों तले की जमीन खिसक गयी। वह थाने पहुंची और तहरीर देकर पति और महिला के घ्खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार का कहना है कि मामले की तहरीर मिल गई है। प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा व सामाजिक समानता के प्रेरणास्रोत थे फुले

## जयंती पर सैनी समाज ने किया माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार को नगर के महाराज शूरसेन सैनी पार्क में महाराजा शूर सैनी कमेटी के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम की अगुवाई कमेटी के अध्यक्ष सौरभ सैनी ने की। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने शिक्षा की अलख जगाकर समाज को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि फुले ने हमेशा गरीब, पिछड़े और वंचित वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए संघर्ष किया। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपने जीवन में दलितों, पिछड़ों और गरीबों को सम्मान दिलाने के लिए निरंतर कार्य किया। उनके विचार आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान



तहसील अध्यक्ष सुनील सैनी, चमन सैनी, शंकर लाल सैनी, अंकित सैनी, राम किशोर सैनी, घनश्याम सैनी, यशपाल, संजीव, देशराज सभासद और राजवीर समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का माहौल श्रद्धा और सामा. जिक एकता से सराबोर रहा।

# केवाईसी के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण

## एजेंसी कर्मचारियों पर गैस की कालाबाजारी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** नगर की गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को केवाईसी न होने का हवाला देकर परेशान किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एजेंसी कर्मियों द्वारा लोगों को बार-बार लौटाया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

बताया जा रहा है कि अमरोहा रोड स्थित एजेंसी पर उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग नहीं हो पाने के कारण लोगों को घंटों तक लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि बिना स्पष्ट जानकारी दिए उन्हें वापस भेज दिया जाता है, जिससे समय और परेशानी दोनों बढ़ रही हैं। इस स्थिति से आम लोगों में गैस एजेंसी के खिलाफ रोष पनप रहा है। उपभोक्ताओं ने संबंधित अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की है, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। लोगों ने एजेंसी कर्मचारियों पर गैस की कालाबा. जारी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि ब्लैक में सिलेंडर हर समय उपलब्ध है मगर बुक कराने के कई कई दिन बाद तक गैस की सप्लाई नहीं हो रही है। उन्होंने जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार करने की मांग की।



# मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** राशन लेने को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने से अफरा तफरी मच गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली इलाके के गांव अगरौला कला में राशन लेने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये। कुछ ही देर में मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। किसी ने घटना के दौरान पूरे विवाद का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और झगड़े की स्थिति साफ देखी जा सकती है। दो पक्षों में मारपीट होने से गांव में अफरा तफरी मच गई। दोनों पक्षों में जमकर धक्का मुक्की व लात घूंसो के चलने से मौके पर अफरा तफरी मच गई।पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच करने की बात कर रही है। हालांकि कुछ लोग दोनों पक्षों में समझौता कराने की बात कर रहे है।

## पोक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पुलिस ने पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभिषेक उर्फ मोंटी पुत्र निरंकार निवासी ग्राम करनपुर माफी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को दबोचने में सफलता प्राप्त की।

## महिला ने दबंगों पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** हसनपुर। महिला ने दबंगो पर घर में घुसकर मारपीट करते हुए डराने धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी एक महिला ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि 10 अप्रैल की रात करीब 12 बजे गांव के ही कुछ दबंग लोग जबरन उसके घर में घुस आये। महिला का आरोप है कि आरो. पियों ने उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी सहमे रहे और किसी तरह खुद को बचाया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने उसे डराने-धमकाने की नीयत से यह हमला किया। जिससे वह और उसका परिवार बेहद दहशत में हैं। घटना के बाद महिला ने आदमपुर थाने पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र दिया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## प्रशांत की हत्या में न्याय की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** सैनी सभा के जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार उर्फ सोनू सैनी ने लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की और प्रशांत सैनी हत्याकांड में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग उठाई। इस दौरान उन्होंने डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपते हुए पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की अपील की। ज्ञापन में बताया गया कि जनपद बिजनौर के हैजरपुर निवासी प्रशांत सैनी की 22 मार्च 2026 को संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि सड़क दुर्घटना के बाद विवाद बढ़ने पर युवक के साथ बेहद क्रूरता की गई और उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। घटना को कई दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी पलक चौहान की गिरफ्तारी नहीं होने से परिवार और समाज में भारी रोष है।

## निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर लगाये स्टार



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक जसवीर सिंह को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर नई जिम्मेदारी सौंपी। कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एएसपी ने जसवीर सिंह को बधाई देते हुए कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान नहीं बल्कि कर्तव्यों और जवाबदेही का विस्तार भी है। निष्पक्षता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए विभाग की छवि को और मजबूत करेंगे। करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और जनता का विश्वास कायम रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# गर्मी को देखते हुए छतों पर पक्षियों के लिए रखें दाना पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में समाजसेविका अनीता कौशिक ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए अपने मकानों की छतों पर मिट्टी के बर्तनों में पक्षियों के लिए दाना पानी रखें ताकि पक्षी अपनी गर्मी में प्यास बुझा सके आखिर प्यास तो पक्षियों को भी लगती है। दिन निकलते ही सुबह दाना डालें फिर पानी रखें ताकि जीव जंतु पशु पक्षियों को बचाया जा सके। समाजसेविका अनीता कौशिक जागौश ने अपने मकान की छत पर सुबह दिन निकलते ही जैसे दाना पानी मिट्टी के बर्तनों में रखा तो मकान की छत पर कबूतरों के लेन लग गई सभी कबूतर इकट्टे होकर पहले दाना खाकर पेट भर इसके बाद पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। उन्होंने सभी माता बहनों से आहवान किया है कि सभी माताए बहने अपने मकान की छत पर सुबह दिन निकलते ही मिट्टी के बर्तनों में दाना रखें, फिर पानी रखें और पुण्य का कमाने कार्य करें गर्मियों में पक्षियों की सेवा करना भाग्यवान मनुष्य को मिलता है। अनीता कौशिक ने कहा कि अपने मकान के बाहर के गेट पर पशुओं के लिए भी पानी की व्यवस्था करने का कार्य करें।



# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक अयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान शिव पुरी में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के आवास पर आयोजित की गई जिसमें 19 अप्रैल को अमीनगर सराय में भगवान परशुराम जयंती मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उत्तर प्रदेश सचिव लोकेश वत्स ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम की शोभायात्रा का कार्यक्रम एवं सामा. जिक सुधार सेवा एकता एवं संगठन स्वाभिमान का मंथन का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ किया जाएगा। उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों से आहवान किया कि अधिक से अधिक समाज के गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 19 अप्रैल को भगवान परशुराम की शोभायात्रा प्रत्येक जिले में निकाली जाएगी जगह-जगह नुक्कड़ कार्यक्रम भी किए जाएंगे भगवान परशुराम के प्रकोष्ठ उत्तर कार्यक्रम पर सभी अपनी एक जुटता का परिचय देकर कार्यक्रम में भाग लेकर भगवान परशुराम की प्रतिमा को घर-घर में स्थापित करे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा रमन शर्मा बृजेश शर्मा डॉक्टर सत्य प्रकाश जिला महामंत्री अमित शर्मा डा.राजकुमार शर्मा सभासद रमेश शर्मा ने बैठक में मुख्य रूप से भाग लिया।



# सपाइयों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई जयंती, कार्यालय पर बैठक कर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित सभा संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उनको श्रद्धा से याद किया गया। इस अवसर जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान समाज सुधारक, विचारक,और दार्शनिक थे, उन्होंने जीवन भर महिलाओं पिछड़ो व अछूतों के उत्थान के लिए कार्य किया, वे जश जाति आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे।

बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव यादव ने की और संचालन राहुल यादव ने किया। बैठक में 14 अप्रैल को भारत-रत्न बाबासाहेब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद भर में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जनपद में बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर आयोजित किए जाने कार्यक्रमों को लेकर जनपद के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को सेक्टरो में विभाजित किया गया और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 10-10 स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सपा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में डा.साहेब डा.भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण के लिए दिए गए योगदान और सामाजिक न्याय के उनके विचारों पर चर्चा करते हुए बहुजन समाज के बड़े हिस्से को समा. जवादी आंदोलन से जोड़ने के लिए उनको कार्यक्रमों में आदर और सम्मान के साथ आमंत्रित किया जायेगा। इस मौके पर प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गुर्जर, नगेंद्र सिंह, सपा नेता रवि बैसला, राजपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।



## राजकीय सम्मान के साथ किया अश्विनी राणा का अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डौला गांव निवासी मध्यप्रदेश पुलिस के आरक्षक अश्विनी राणा की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

लगभग 27 वर्षीय अश्विनी राणा पुत्र सुरेंद्र राणा वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी तैनाती भिंड जनपद के फूप थाने में थी। यह दुर्घटना 5 अप्रैल को हुई थी। निंबुआ पुलिस चौकी क्षेत्र में चंबल पुल के पास बरही गांव के निकट वाहनों का लंबा जाम लगा था। जाम खुलवाने के बाद अश्विनी अपनी बाइक से थाने लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अश्विनी को ग्वालियर के बिरला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके स्वजन देर रात तक उनका शव गांव लेकर पहुंचेंगे। अश्विनी अविवा. हत थे। उनके बड़े भाई गौरव सीआरपीएफ में तैनात हैं, जबकि उनके पिता सुरेंद्र किसान हैं। आरक्षक की असामयिक मृत्यु से पूरे गांव में शोक व्याप्त है। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।



मृतक फाइल फोटो

## कार्यभार संभालते ही सख्त दिखे एसडीएम शैलेष

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नवागत उप जिलाधिकारी शैलेष दुबे ने कार्यभार संभालते ही अपनी प्राथमिकताएं साफ कर दीं। शनिवार को तहसील पहुंचने के बाद उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने साफ शब्दों में कहा कि तहसील में आने वाले हर फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिकता पूरी करने के बजाय ऐसा समाधान हो जिससे शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिले। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि राजस्व, प्रमाण पत्र, भूमि विवाद और जन शिकायतों से जुड़े मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाया जाए।



# समाधान दिवस में प्राप्त हुई 4 शिकायतें, चारों का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइमस संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक बागपत प्रवीण सिंह चौहान, उप जिलाधिकारी मनीष यादव और थाना प्रभारी प्रभाकर कैंतुरा उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं।

समाधान दिवस के दौरान कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, आपसी झगड़े और राजस्व से संबंधित मामले शामिल थे। थाना प्रभारी प्रभाकर कैंतुरा ने बताया कि सभी शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी दोहराया कि शासन की मंशा के अनुसार, जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में खेकड़ा तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लेखपाल भी मौजूद रहे, जिन्होंने राजस्व संबंधी मामलों में आवश्यक सहयोग प्रदान किया। अधिकारियों ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। समाधान दिवस के सफल आयोजन से फरियादियों में संतोष का भाव देखा गया। लोगों ने प्रशासन की इस तत्परता और समस्या-समाधान की पहल की सराहना की।



## एसपी ने की अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**बागपत।** पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण और अपराधियों की गिरफ्तारी पर विशेष जोर दिया गया। देर रात हुई इस बैठक में बागपत, बड़ौत और खेकड़ा के क्षेत्राधिकारी (सीओ) भी मौजूद रहे। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रभावी शांति व्यवस्था सुनिश्चित करना था। एसपी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्कता, समन्वय और सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## परमानन्द श्रीवास्तव बने सदर तहसीलदार

**अमरोहा।** डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने अमरोहा तहसील विजय श्याम दूबे को नौगांवा सादात जबकि नौगांवा सादात के तहसीलदार श्रीमति लकी सिंह को हसनपुर का तहसीलदार नियुक्त किया है। इसके अलावा हसनपुर में तैनात परमानन्द श्रीवास्तव को अमरोहा सदर तहसीलदार के रूप में नियुक्त दी है।

# शॉर्ट सर्किट के कारण मकान में आग लगने से दो लाख का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टीकरी कस्बे की पट्टी मेनमाना में शुक्रवार देर रात शॉर्ट सर्किट से एक मकान में आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

टीकरी निवासी अक्षय पुत्र कृष्णपाल ने बताया कि वह अपनी पत्नी दीपा और बच्चों आरव व आरुषि के साथ मकान के ऊपरी हिस्से में सो रहे थे। रात करीब 11 बजे अचानक एक तेज धमाके के साथ मकान के निचले हिस्से में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। अक्षय ने बताया कि घर के पालतू कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनकर वह जागा और देखा कि मकान में आग लगी है। उन्होंने तुरंत डायल 112 पर दमकल विभाग को सूचना दी। पड़ोसियों ने भी इकट्टा होकर समरसेबल आदि से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक मकान में रखा चक्की, दो मोटर, एक मोटरसाइकिल, अनाज की टंकी, भूसा और उपले सहित लाखों रुपये का सामान जल चुका था। आग की चपेट में आने से एक भैंस भी झुलस गई। पीड़ित परिवार ने बताया कि आग से करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने अधिकारियों से मुआवजे की मांग की है। चेयरमैन सरिता देवी ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।



# पुलिस को कैसे चकमा दे गया संदिग्ध आतंकी समीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** आतंकी गिरोह से जुड़ा समीर उर्फ रूहान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। उसके फरार होने से पुलिस सतर्क होकर उसकी तलाश में जुटी है।

गौरतलब है कि नवंबर माह में सोशल मीडिया पर आतंकी आका आकिब का वीडियो वायरल होने और लखनऊ एटीएस द्वारा चार संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी के बाद से बिजनौर पुलिस पर सवालिया निशान लगने के बाद पुलिस इस आतंकी नेटवर्क के खुलासे में जी जान से जुटी है।

आज पुलिस ने आतंकी गिरोह से जुड़े उवैद मलिक पुत्र रहीश निवासी टांडा माई दास थाना नगीना देहात और जलाल हैदर उर्फ समीर पुत्र अकरम निवासी बुलचंदपुर उर्फ मुड़ा खेड़ा थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वहीं समीर उर्फ रूहान निवासी निकट सुल्ताना डाकू का किला थाना नजीबाबाद अपना नाम उजागर होने की भनक लगते ही घर से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में लगी है।

## जलाल हैदर गुजरात में समीर से हुआ था संपर्क

फरार संदिग्ध आतंकी समीर उर्फ रूहान निवासी निकट सुल्ताना डाकू का किला थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर गुजरात के सूरत शहर में सैलून पर कार्य करता था और आतंकी सरगना आकिब जो दुबई में रहता है उसके संपर्क में था। सूरत में ही समीर ने अपने नेटवर्क में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आतंकी जलाल हैदर उर्फ समीर से हुई थी।

## नेपाल तो नहीं भाग गया वांछित आरोपी समीर

विदेश में बैठे आतंकी आजाद ने गिरोह से जुड़े लोगों को पुलिस ने बचने के लिए नेपाल भागने की सलाह दी थी, जिसके बाद संदेह है कि आरोपी समीर उर्फ रिहान कही नेपाल तो नहीं भाग गया। लोगों की जुबान पर सवाल बन रहा है कि विदेश में बैठे आतंकी मैजुल, आकिब और आजाद ने अपने विचारों और कट्टरपंथी सोच के चलते कितने लोगों को अपने गिरोह में जोड़ा है। पुलिस ने जांच के चलते गिरोह के कई लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच पूरी होने और विदेश में बैठे आतंकी के गिरफ्तार होने के बाद ही खुलासा होगा कि इन्होंने अपने गिरोह में कितने लोगों को जोड़ रखा है। जिसके पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है।

# आधुनिक तकनीक से खुशहाली संभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना खेती को अधिक लाभप्रद बनाने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से आज ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने विभिन्न गांवों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने प्रगतिशील किसानों के खेतों पर जाकर गन्ना विकास कार्यों की समीक्षा की और कृषकों को वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। क्षेत्र भ्रमण एवं प्रगतिशील खेती का निरीक्षण दल द्वारा ग्राम चांदपुर, रूपपुर और बसेड़ी में गन्ने की नई किस्मों और उन्नत बुवाई विधियों का जायजा लिया गया।ग्राम चांदपुर में किसान मौहम्मद आमिर के खेत पर पेयर्ड रो (पयर्ड रॉव ट्रेंच विधि से बोई गई शरदकालीन और बसंतकाल. ीन गन्ने की फसल प्रजाति: कोलक 16202 का अवलोकन किया गया। नई किस्मों पर जोर देते हुए ग्राम रूपपुर में किसान गौरव कुमार द्वारा नई प्रजातियों 16202, 18231 और 19231 के सैपलिंग रोपण की सराहना की गई। साथ ही अजय कुमार के यहां गन्ना विकास की विभिन्न गति. विधियों की समीक्षा की गई।



ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने किसानों को निम्नलिखित वैज्ञानिक सुझाव दिए देते हुए एकीकृत कीट प्रबंधन वर्तमान मौसम में कीटों के प्रकोप से बचाव हेतु शूट कटिंग और फेरोमोन ट्रैप के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया तथा उन्नत पोषण हेतु पेड़ी (रटून) की फसल में तेजी से बढ़वार के लिए एनपी के फोलियर स्प्रे की सलाह दी गई। मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए हरी खाद (ढैंचा) बोने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया, साथ ही कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों की बढ़ती

## एक नजर

### मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**नांगल सोती।** एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सिपाहियोवाला थाना स्योहारा निवासी उपासना ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपने मायके तिसोतरा आई हुई थी, तभी तिसोतरा के निवासी भूपेंद्र सिंह, नरपाल सिंह, विकास ने आकर उसके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में मौत के मामले में रिपोर्ट

**नांगल सोती।** चंदक मार्ग पर वीके फार्म हाउस के सामने एक बुलेरो चालक ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें बाइक सवार विशाल (22 वर्ष) और उसका साथी चिंटू निवासी लाहरपुर, थाना श्यामपुर (हरिद्वार) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज को ले जाते वक्त विशाल ने रास्ते में दम तोड़ दिया था। वहीं घायल चिंटू का इलाज चल रहा है। इस मामले में मृतक के पिता बृजपाल सिंह की तहरीर पर अज्ञात बुलेरो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसके बाद पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## एक नजर

### डीएसएम धामपुर ने जीता मैच



**धामपुर।** केएम इंटर कॉलेज धामपुर के मैदान चल रहे सिंदर पाल जुनेजा मेमोरियल टूर्नामेंट का पहला मैच डीएसएम धामपुर व यूथ क्लब धामपुर के बीच हुआ। जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीएम धामपुर ने यूथ क्लब को 91 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें सौरभ ने 25 रन बनाए, राजेश ने 9 रन, वरून ने 28 रन बनाए। वहीं यूथ क्लब धामपुर की ओर से सलीम अंसारी कप्तान ने 3 विकेट चटकाए। मौहम्मद जमाल ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 4 चौके मारते हुए 26 रन बनाए। गगनदीप सिंह हैप्पी ने 9 रन लक्ष्य का पीछा करते हुए यूथ क्लब 8 रनों से हार गई। दूसरा मैच कांठ क्लब और एनएससी क्लब धामपुर के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए कांठ क्लब ने 8 ओवर में 144 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें सबसे ज्यादा रन दिलशाद ने 7 छक्के व 2 चौको की मदद से 55 रन बनाए, शाकिब ने 25 रन, रिहान ने 10, वही एनएससी क्लब धामपुर 69 रनों पर सिमट गई। तीसरा मैच मिलक जहांगीराबाद व अफगानान क्लब धामपुर के बीच हुआ। मिलक जहांगीराबाद में 8 ओवर में मात्र 89 रन बनाए छोटे स्कोर को भी अफगानान क्लब पार नहीं कर पाए और मात्र 40 रन पर ऑल आउट हो गई। चौथा और अंतिम मैच धामपुर फ्लेम व कांठ क्लब के बीच हुआ। जिसमें कांठ क्लब ने 94 रन बनाए। धामपुर फ्लेम की बहुत ही निराशाजनक बल्लेबाजी रही 47 रन पर सिमट गई और मैच हार गई। वहीं नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच कल समाप्त हो गए हैं। मैच के अंपायर आमिर अंसारी एड. व फरमान खान रहे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई



**नांगल सोती।** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, सत्यशोधक समाज के संस्थापक दबे-कुचले, शोषित, उपेक्षित दलित पिछड़े वर्ग के मसीहा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया गया। ग्राम दिनोड़ी में प्रधान सरोज सैनी के आवास पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले को सच्चा समाजसुधारक बताते हुए उनके बताएं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। प्रधान पति डा. रविंद्र सैनी ने कहा कि महात्मा फुले ने समाज को यह संदेश दिया, कि शिक्षा सभी का अधिकार है चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग का हो। वे जीवन पर्यन्त गरीबों, दलितों पिछड़ों और शोषित उपेक्षित लोगों के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। जयंती कार्यक्रम में प्रधान सरोज सैनी, आंगनबाड़ी आशा सैनी, सुषमा सैनी, बेबी, लवलेश कुमार, देवेश कुमार सैनी, अनूप कुमार, धर्मेंद्र सिंह, गौरी सैनी, लीना, तृप्ति सैनी, श्रृष्टि सैनी, शिखा सैनी, सविता, मुन्नी देवी रचना, टोनी, पंकज कुमार सैनी, कृष्णा देवी, वंश कुमार सतीश कुमार सैनी एड. एवं देवेंद्र सैनी उपस्थित रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर और सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के तरीके बता रही हैं। अभियान के अंतर्गत, मिर्जापुर सैद उर्फ भुडी गांव में जगह-जगह पोस्टर लगाए गए। इन पोस्टरों का उद्देश्य जनता का ध्यान आकर्षित करना और उन्हें संचारी रोगों के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। पोस्टर दृश्य संचार का एक प्रमुख माध्यम होते हैं, जो जन स्वास्थ्य संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रसारित करते हैं। आशा कार्यकर्ता रेखा रानी ने बताया कि यह संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम 1 अप्रैल से 8 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान विभाग द्वारा उन्हें घर-घर जाकर मार्किंग करने, संचारी रोगों की जानकारी देने और उनसे बचाव के उपायों के बारे में बताने का कार्य सौंपा गया है।

# आरबीएस में प्रवेश परीक्षा के लिए उमड़ा छात्रों का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कालेज में प्रवेश परीक्षा में शामिल होने लिए सैकड़ों विद्यार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा।

प्राप्त समाचार के अनुसार राजा भरत सिंह इंटर कालेज में कक्षा छह और नौ के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। कक्षा छह में प्रवेश के लिए 319 विद्यार्थियों ने और कक्षा 9 के 233 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 13 अप्रैल को घोषित किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा प्रधानाचार्य राजीव चौहान, केशव शरण, सत्यप्रकाश आर्य, राजपाल सिंह, संजय कुमार सिंह, हरवीर सिंह की देखरेख में आयोजित की गए। इस दौरान विद्यालय परिसर के मीटिंग हाल में शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक संपन्न हुई। पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड., कोषाध्यक्ष कावेंद्र सिंह एड. ने सभी अभिभावकों से सहयोग करने की अपील करते हुए अपने बच्चों कों अनुशासन में भेजने की अपील की।

वरिष्ठ शिक्षक केशव शरण, हरवीर सिंह नें अभिभावकों से कहा कि कम से कम महीने में एक बार विद्यालय आकर अपने बच्चे के बारे में जरूर विद्यालय परिवार से बात करें।

# निजी स्कूलों में कोर्स व ड्रेस की बढ़ती कीमतों से अभिभावकों में चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही स्योहारा नगर एवं आसपास क्षेत्र के निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों की परेशानियां बढ़ती नजर आ रही हैं।

अभिभावकों का कहना है कि हर वर्ष किताबों कॉपियों स्कूल बैग और यूनिफॉर्म की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिससे शिक्षा का खर्च आम परिवारों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। अभिभावकों के अनुसार बच्चों के प्रवेश के बाद सबसे अधिक आर्थिक दबाव किताबों और ड्रेस की खरीदारी के समय पड़ता है कई अभिभावकों का कहना है कि कुछ निजी विद्यालयों से संबंधित निर्धारित दुकानों पर ही किताबें और यूनिफॉर्म उपलब्ध कराई जाती हैं तथा स्कूल प्रबंधन द्वारा वहीं से सामान खरीदने की सलाह दी जाती है। ऐसे में अभिभावकों के पास बाजार से अपनी सुविधा अनुसार सामान खरीदने का विकल्प सीमित हो जाता है। अभिभावकों का कहना है कि बाजार में मिलने वाली सामग्री की तुलना में निर्धारित दुकानों पर सामान महंगा मिलने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच शिक्षा से जुड़े खर्चों में वृद्धि मध्यम वर्ग मजदूर और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए चिंता का विषय बन गई है। कुछ अभिभावकों ने बताया कि जिन परिवारों में दो या तीन बच्चे पढ़ते हैं, वहां किताबें कॉपियां यूनिफॉर्म जूते, बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री पर एक साथ बड़ी धनराशि खर्च करनी पड़ती है। जिससे घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। नगर के सामाजिक लोगों का कहना है कि शिक्षा समाज की बुनियादी आवश्यकता है और इसे सभी वर्गों की पहुंच में बनाए रखना जरूरी है, यदि अभिभावकों को अपनी सुविधा अनुसार बाजार से किताबें व ड्रेस खरीदने की स्वतंत्रता मिले, तो आर्थिक दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### वृद्धा का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**शेरकोट।** हाईवे स्थित एक वृद्धा का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर सूचना पर पंहुचे मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह कुछ महिलाएं खेतों पर जा रही थीं। इसी दौरान सिंघाई की पुलिया के निकट उन्होंने हाईवे से कुछ दूरी पर चकरोड के पास एक महिला का शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतका की पहचान उसके पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर कश्मीरी देवी (70 , पत्नी रामवीर सिंह निवासी नई बस्ती कालागढ़ के रूप में हुई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :-

**04212/04211 सुलतानपुर – लोकमान्य तिलक (ट) – सुलतानपुर आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 04212 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04211 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:00 | सुलतानपुर | 23:00 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 20:50 | 21:00 |
| 12:20 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 14:35 |

चलने के दिन : **04212** सुलतानपुर से दिनांक **20.05.2026** से **15.07.2026** (प्रत्येक बुधवार) तथा **04211** लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक **21.05.2026** से **16.07.2026** (प्रत्येक गुरुवार) को।
ठहराव : लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, पाचोरा जं., चालीसगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य

**04226/04225 वाराणसी जं. – लोकमान्य तिलक (ट) – वाराणसी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| गाड़ी सं. 04226 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04225 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 01:35 | वाराणसी जं. | 02:05 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 20:50 | 21:00 |
| 12:20 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 14:35 |

चलने के दिन : **04226** वाराणसी जं. से दिनांक **21.05.2026** से **09.07.2026** (प्रत्येक गुरुवार) तथा **04225** लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक **22.05.2026** से **10.07.2026** (प्रत्येक शुक्रवार) को।
ठहराव : जौनपुर सिटी, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, पाचोरा जं., चालीसगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य

**04070/04069 आनंद विहार (ट) – शेखपुरा – आनंद विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 52 फेरे

| गाड़ी सं. 04070 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:20 | आनंद विहार (ट) | 23:20 | --- |
| 23:30 | --- | शेखपुरा | --- | 00:30 |

चलने के दिन : **04070** आनंद विहार (ट) से दिनांक **17.04.2026** से **14.07.2026** (प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार) तथा **04069** शेखपुरा से दिनांक **18.04.2026** से **15.07.2026** (प्रत्येक शनिवार एवं बुधवार) को।
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं. एवं अस्थावाँ स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

**04620/04619 फिरोज़पुर कैंट – झंझारपुर – फिरोज़पुर कैंट आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04620 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04619 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:30 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 10:40 | --- |
| 23:30 | --- | झंझारपुर जं. | --- | 01:00 |

चलने के दिन : **04620** फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक **18.04.2026** से **23.05.2026** (प्रत्येक शनिवार) तथा **04619** झंझारपुर जं. से दिनांक **20.04.2026** से **25.05.2026** (प्रत्येक सोमवार) को।
ठहराव : लोहियां खास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद जं., राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., बराड़ा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर जं., सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनियां, सीतामढ़ी जं., शिशो जं. एवं सकरी जं. स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

**04064/04063 नई दिल्ली जं. – गया जं. – नई दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 98 फेरे

| गाड़ी सं. 04064 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | नई दिल्ली जं. | 08:10 | --- |
| 07:15 | --- | गया जं. | --- | 09:15 |

चलने के दिन : **04064** नई दिल्ली जं. से दिनांक **15.04.2026** से **14.07.2026** (दिनांक 21.05.2026, 23.05.2026 एवं 25.05.2026 को छोड़कर) (सोम, बुध, गुरु, शनि) तथा **04063** गया जं. से दिनांक **16.04.2026** से **15.07.2026** (दिनांक 22.05.2026, 24.05.2026 एवं 26.05.2026 को छोड़कर) (मंगल, गुरु, शुक्र, रवि) को।
ठहराव : टुण्डला, गोविंदपुरी, सूबेदार गंज, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04066/04065 आनंद विहार (ट) – खोरधा रोड – आनंद विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 04066 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| [illegible] | [illegible] | आनंद विहार (ट) | 03:40 | --- |
| [illegible] | [illegible] | खोरधा रोड | --- | 15:30 |

…नंद विहार (ट) से दिनांक **20.04.26** से **11.05.26** (प्रत्येक …ड से दिनांक **21.04.26** से **12.05.26** (प्रत्येक मंगलवार) को।
…दपुरी, सूबेदार गंज, मिर्ज़ापुर, पं० दीन दयाल उपाध्याय … डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, आद्रा, हिजली, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्द्रुझर रोड़, कटक
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04185/04186 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी – आसनसोल – वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 46 फेरे

| गाड़ी सं. 04185 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04186 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:20 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 19:10 | --- |
| 20:45 | 20:50 | वाराणसी जं. | 06:35 | 06:40 |
| 14:30 | --- | आसनसोल | --- | 17:10 |

चलने के दिन : **04185** वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से दिनांक **28.06.2026** तक (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) तथा **04186** आसनसोल से दिनांक **29.06.2026** तक (प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार) को।
ठहराव : उरई, पुखरायाँ, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, किऊल जं., झाझा, जसीडीह, मधुपुर जं. एवं चितरंजन स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान, द्वितीय श्रेणी एवं सामान्य

**04127/04128 कानपुर सेंट्रल – गुवाहाटी – कानपुर सेंट्रल विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 04127 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04128 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:00 | कानपुर सेंट्रल | 07:30 | --- |
| 13:45 | 13:50 | वाराणसी जं. | 23:05 | 23:15 |
| 19:00 | --- | गुवाहाटी | --- | 22:00 |

चलने के दिन : **04127** कानपुर सेंट्रल से दिनांक **16.04.2026** से **14.05.2026** तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा **04128** गुवाहाटी से दिनांक **17.04.2026** से **15.05.2026** तक (प्रत्येक शुक्रवार) को।
ठहराव : फतेहपुर, प्रयागराज, ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी, नवगछिया, कटिहार, बारसोई जं., किशनगंज, अलुआबाड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, कोकराझार, न्यू बंगाईगाँव, बरपेटा रोड, रंगिया एवं कामाख्या स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**01491/01492 पुणे जं. – ह. निज़ामुद्दीन – पुणे जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 01491 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01492 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:30 | पुणे जं. | 23:55 | --- |
| 18:30 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 21:25 |

चलने के दिन : **01491** पुणे जं. से दिनांक **17.04.2026** से **10.07.2026** (दिनांक 22.05.2026 को छोड़कर) प्रत्येक शुक्रवार तथा **01492** ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक **18.04.2026** से **11.07.2026** (दिनांक 23.05.2026 को छोड़कर) प्रत्येक शनिवार को।
ठहराव : लोनावला, कल्याण, भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर एवं मथुरा स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**09523/09524 ओखा – शकूर बस्ती – ओखा सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 09523 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09524 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:20 | ओखा | 13:00 | --- |
| 10:35 | --- | शकूर बस्ती | --- | 13:15 |

चलने के दिन : **09523** ओखा से दिनांक **14.04.26** से **30.06.26** (प्रत्येक मंगलवार) तथा **09524** शकूर बस्ती से दिनांक **15.04.26** से **01.07.26** (प्रत्येक बुधवार) को।
ठहराव : द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., वांकानेर, सुरेन्द्रनगर, विरामगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर ज., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

**04086/04085 मेरठ सिटी जं. – संतरागाछी जं. – मेरठ सिटी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04086 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04085 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:00 | मेरठ सिटी जं. | 17:30 | --- |
| 06:35 | --- | संतरागाछी जं. | --- | 14:00 |

चलने के दिन : **04086** मेरठ सिटी जं. से दिनांक **14.04.2026** तथा **04085** संतरागाछी से दिनांक **16.04.2026** को।
ठहराव : हापुड़ जं., खुर्जा जं., अलीगढ़ जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, महुदा जं., भोजूडीह जं., आद्रा, बांकुड़ा, बिष्णुपुर, मेदिनीपुर, खड़गपुर एवं पाँशकुड़ा जं. स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04679/04680 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – श्रीनगर – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 04679 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04680 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:05 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 19:00 | --- |
| 13:35 | --- | श्रीनगर | --- | 15:10 |

चलने के दिन : **04679** श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा तथा **04680** श्रीनगर से प्रतिदिन दिनांक **15.04.2026** तक।
ठहराव : रियासी, संगलदान एवं बनिहाल स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**05048/05047 बनारस – कोलकाता – बनारस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 05048 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05047 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:45 | बनारस | 04:15 | --- |
| 10:55 | 11:00 | वाराणसी जं. | 03:45 | 03:50 |
| 06:15 | --- | कोलकाता | --- | 08:25 |

चलने के दिन : **05048** बनारस से दिनांक **14.04.2026** से **28.04.2026** (प्रत्येक मंगलवार) तथा **05047** कोलकाता से दिनांक **15.04.2026** से **29.04.2026** (प्रत्येक बुधवार) को।
ठहराव : वाराणसी, औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, रेवती, सुरेमनपुर, छपरा, दिघवारा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल एवं नैहाटी स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी

**09195/09196 प्रतापनगर – मऊ जं. – प्रतापनगर सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 31 फेरे

| गाड़ी सं. 09195 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09196 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:00 | प्रतापनगर | 03:15 | --- |
| 15:40 | 15:45 | वाराणसी जं. | 02:15 | 02:20 |
| 18:00 | --- | मऊ जं. | --- | 23:25 |

चलने के दिन : **09195** प्रतापनगर से दिनांक **25.07.26** तक (प्रत्येक शनिवार) तथा **09196** मऊ जं. से दिनांक **12.04.26** से **26.07.26** (प्रत्येक रविवार) को।
ठहराव : वडोदरा जं., गोधरा, दाहोद, रतलाम जं., कोटा जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., रूपबास, आगरा कैंट, फतेहाबाद, बाह, इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी एवं औंड़िहार जं.।
स्थान : प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**09271/09272 भावनगर (ट) – हरिद्वार – भावनगर (ट) विशेष रेलगाड़ी विशेष किराये पर (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| गाड़ी सं. 09271 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09272 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:25 | भावनगर (ट) | 04:35 | --- |
| 15:00 | --- | हरिद्वार | --- | 16:25 |

चलने के दिन : **09271** भावनगर (ट) से दिनांक **12.04.26** से **31.05.26** (प्रत्येक रविवार) तथा **09272** हरिद्वार से दिनांक **13.04.26** से **01.06.26** तक (प्रत्येक सोमवार) को।
ठहराव : सिहोर गुजरात, धोला जं., बोटाद जं., सुरेन्द्रनगर गेट, वीरमगाम जं., अम्बली रोड, गांधीनगर कैपिटल, महेसाना जं., पालनपुर जं., आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड़ जं., पाली मारवाड़, लूनी जं., जोधपुर जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., डेगाना जं., छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ जं., चूरू, सादुलपुर जं., सिवानी, हिसार, भिवानी जं., कलानौर कलां, रोहतक जं., पानीपत जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं. एवं रुड़की स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एसपी ग्रामीण ने थाना भगतपुर का अर्द्धवार्षिक किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में पुलिस व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह द्वारा थाना भगतपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रख-रखाव और पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का गहनता से अवलोकन किया गया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों की जांच करते हुए रजिस्टर संख्या-08 सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी रिकॉर्ड समय-समय पर अपडेट होने चाहिए, ताकि आवश्यक जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सके।निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केंद्र एवं महिला हेल्प डेस्क का भी जायजा लिया गया। उन्होंने महिला संबंधित शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतने और उनका त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही हवालात, सम्पत्ति गृह, भोजनालय और बैरकों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का भी आकलन किया।पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में साफ-सफाई की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल कार्य क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति सकारात्मक संदेश भी देता है।सीसीटीएनएस कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑनलाइन कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया। अंत में उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अनुशासन, तत्परता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



## एनडीए में चयनित होकर तनिष्क प्रजापति ने बढ़ाया शहर का मान

**चन्दौसी।** शहर के प्रतिभाशाली छात्र तनिष्क प्रजापति ने एनडीए परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने वर्ष 2025 की एनडीए-2 लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) इंटरव्यू में भी सफलता प्राप्त की। तनिष्क ने सितंबर 2025 में आयोजित लिखित परीक्षा पास की थी। इसके बाद 15 जनवरी 2026 को इलाहाबाद में हुए एसएसबी इंटरव्यू में चयनित होकर अपनी योग्यता का परिचय दिया। हाल ही में 8 अप्रैल 2026 को घोषित अंतिम मेरिट सूची में उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 313वीं रैंक प्राप्त की। इस उपलब्धि से परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बिलारी समाचार

### थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनकर दिए समाधान के निर्देश



**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना समाधान दिवस का आयोजन आज सर्किल के थाना छजलैट और कांठ में किया गया जिसमें आई शिकायतों को सुनकर अधिकारियों ने निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम दोनों थानों में पहुंचे और समाधान दिवस का निरीक्षण किया। जबकि नायब तहसीलदार योगेश चन्द्र कांठ में और नायब तहसीलदार अनिल मिश्रा ने छजलैट में शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण समय से कराए जाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक हल्का के उप निरीक्षक पुलिस स्टाफ एवं लेखपाल और कानून गो मौजूद रहे।

### एसएसपी के आदेश से सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )।** सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद एसएसपी के आदेश से थाना कांठ में मामला दर्ज किया गया है गोपाल पुत्र कन्हैया निवासी जमुना आजम थाना कांठ का कहना था कि उसका पोता अनमोल पुत्र नरेश बाइक से कुमखिया जा रहा था।

नूरपुर मुरादाबाद रोड पर पहुंचा तो लकडेट में पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे स्कूटी के चालक ने तेजी से लाते हुए उसके पोते को टक्कर मार दी जिससे पोते को गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने 27 मार्च को थाना नौगांव सादात में एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया परंतु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की पीड़ित एसएसपी के पास पहुंचा उनके आदेश से थाना कांठ में पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### भोजपुर में युवा को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**भोजपुर।** सांसद रुचि वीरा द्वारा नगर के एक युवा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर के सैफ मियाँ पोत्र लल्ला मियाँ को दिशा कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। जिससे स्थानीय युवाओं में उत्साह और गर्व का माहौल है। इस नामांकन को क्षेत्र में युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। सैफ मियाँ लंबे समय से सामाजिक गति. विधियों में सक्रिय रहे हैं और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपनी भागीदारी निभाते रहे हैं। उनके चयन से न केवल भोजपुर, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है। जैसे ही उनके नामांकन की सूचना नगरवासियों तक पहुंची, लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों, युवाओं और शुभचिंतकों ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए सांसद का आभार व्यक्त किया। राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी इस फैसले को सराहा जा रहा है। लोगों का मानना है कि युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में नई ऊर्जा और पारदर्शिता आएगी। दिशा कमेटी में सदस्य के रूप में सैफ मियाँ अब विभिन्न विकास योजनाओं की निगरानी और सुझाव देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलने की उम्मीद है।



### थाना समाधान दिवस का आयोजन

**भोजपुर।** शनिवार को भोजपुर थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दिवस में पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकतर शिकायतें भूलेख व राजस्व विभाग से संबंधित थी जिनको दिवस पदाधिकारियों ने संबंधित विभाग को निस्तारण हेतु सौंप दिया। दिवस में भोजपुर थाना क्षेत्र के लेखपाल व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### पॉलिटेक्निक प्रवेश के लिए आवेदन की 30 अप्रैल अंतिम तिथि

**चन्दौसी। जिले** में पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवे. दन प्रक्रिया जारी है और अब तक करीब एक हजार अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं। विभाग की ओर से आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है, इसलिए छात्रों से समय रहते आवेदन पूर्ण करने की अपील की जा रही है। प्रवेश परीक्षा मई माह में आयोजित की जाएगी। संभावित कार्यक्रम के अनुसार 15 से 18 मई के बीच परीक्षा कराई जाएगी, जिसके आधार पर मेरिट तैयार कर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजकीय पॉलिटेक्निक चन्दौसी में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है, जहां छात्र-छात्राएं आवेदन से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। फिर भी किसी प्रकार की दिक्कत होने पर छात्र हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं। वहीं प्रधानाचार्य एस.के. वर्मा ने अभ्यर्थियों से अपील की कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### दुर्घटना बाइक सवार की मौत के मामले में मुकदमा

**बिलारी।** दुर्घटना में बाइक सवार की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बिलारी के मोहल्ला हर्ष नगर के सेवानिवृत्ति दरोगा कुलदीप सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि 4 अप्रैल को उसके पिता भारत सिंह अपने गांव नगला नस्सू से फतेहपुर नत्था होकर शाम 6:45 बजे बिलारी अपनी बाइक से आ रहे थे। चंदौसी रोड स्थित अपना किला के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता घायल हो गए। उन्हें टीएमयू ले जाया गया। इसके बाद दिल्ली ले जाया गया। 9 अप्रैल को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## परिवार परामर्श केंद्र में 10 परिवारों का हुआ सुलह, 34 मामलों का निस्तारण

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों को काउंसलर्स की सहायता से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कुल 80 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 34 का निस्तारण किया गया। वहीं 10 परिवारों को आपसी सहमति से पुनः एक साथ रहने के लिए राजी कराया गया। 19 मामलों में आवेदकों द्वारा रुचि न लेने पर पत्रावलियां बंद कर दी गईं, जबकि 5 मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। बैठक में काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, सीमा आर्य, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, कंचन माहेश्वरी, कांस्टेबल शहजाद मलिक व महिला आरक्षी ज्योति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## कांठ की धरती पर आकर खुद को कर रहा हूं गौरवान्वित महसूस

### मंदिर में दादाजी का शिलापट देखकर हुई खुशी: भव्य विश्नोई

**कांठ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी से हरियाणा के युवा प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने आज भूड़ मंदिर पर आकर स्वामी चंद्र प्रकाश जी की तपोस्थली के दर्शन किए और खुद को गोरवान्वित महसूस किया। पत्रकारों के पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस पावन धरा पर आकर मैं खुद को धन्य मानता हूं और अपने दादा स्वर्गीय चौधरी भजनलाल जी द्वारा शिलान्यास किए गए मंदिर पर लगे शिलापट को देखकर और भी खुशी महसूस हो रही है। भव्य बिश्नोई आज सुबह लोदीपुर धाम पर होते हुए ठाकुरद्वारा क्षेत्र के सड़कडा बिश्नोई गांव में चल रही हरि कथा का शुभारंभ कराने के लिए आए थे। उसके बाद उनका ठाकुरद्वारा क्षेत्र में ही कई जगह पर स्वागत किया गया शाम करीब 4:30 बजे वह कांठ में भूड़ मंदिर पहुंचे जहां पर बिश्नोई समाज के लोगों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। उन्होंने पहले स्वामी चंद्र प्रकाश महाराज की तपोस्थली पर बने मंदिर में गुरु महाराज के सामने शीश नवाया और उसके बाद उन्होंने 2 मिनट पत्रकारों से बात की पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि चौधरी भजनलाल पुराने राजनीतिक थे और उन्ही का खून उनके अंदर दौड़ रहा है और जिस तरह से उनके दादा उनके पिता उनकी माता उनकी दादी ने राजनी. ति में रहते हुए देश की सेवा की है वह भी उसी का अनुसरण कर रहे हैं।

इस मौके पर एडवोकेट प्रदीप कुमार बिश्नोई श्री ओम बिश्नोई कुंबर सुरेंद्र सिंह मास्टर सीपी सिंह डॉक्टर ओमराज सिंह धर्मवीर सिंह राजकुमार सिंह सेवक ओंक. ार सिंह भगत जी मास्टर धर्मपाल सिंह एडवोकेट दीपक बिश्नोई ओंकार सिंह राजीव कुमार बिश्नोई अशोक कुमार नेताजी भानु बिश्नोई भानु प्रताप सिंह गौरव बिश्नोई मोनू बिश्नोई विनोद नंबरदार सचिन कुमार विश्नोई जितेंद्र कुमार विश्नोई एडवोकेट दीप सिंह सहित काफी संख्या में बिश्नोई समाज के लोग मौजूद रहे।



## अक्रूर महाराज जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन

**चन्दौसी।** नगर में श्रीअक्रूर महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीवार्ष्णेय यूथ संगठन के तत्वावधान में शनिवार को एक भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निक. ाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और पूरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। यात्रा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और अक्रूरजी महाराज के जीवन पर आधारित मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की गईं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा में एक कुंतल 20 किलो की पीतल की प्रतिमा विशेष रूप से शामिल की गई, नगर के विभिन्न मार्गों पर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शोभायात्रा से पूर्व हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने आहुति दी। यात्रा का समापन आरती और विशेष महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। शोभायात्रा में मुख्य रूप से लता वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, विनेश वार्ष्णेय, मौसम गुप्ता, अमित के.एस. , ओमी लाला, अखिलेश खिलाड़ी, रवि, अमित चौधरी, देवेंद्र मोनू, प्रभात कृष्णा, राहुल चौधरी, लकी वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, चिंकल, पवन भट्टा, विमल वार्ष्णेय, सोनू, मंतेश वार्ष्णेय, रितिक, बृजेश, कपिल, सिशांक वार्ष्णेय, बृजेश, पवन वार्ष्णेय, आशीष गुप्ता, चिराग वार्ष्णेय, निक्कू, किट्टू, रो. मिल, दिव्या शर्मा, मोनू लाला, राकेश आर्या, राजू मुंशी, रजनीश, मुकेश, लकी, अनीश, दीपांशु नारायण, प्रमोद, अंशुल टनाटन, कार्तिक वर्ण आदि मौजूद रहे।



## स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 को लेकर बैठक डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण पर जोर

**चन्दौसी।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 को लेकर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका की खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह ने की, जिसमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य में लगी टेरियर यूटिलिटी फर्म के कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान ध्यान रखने योग्य प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रियंका सिंह ने निर्देश दिए कि घरों से निकलने वाले कचरे का नियमित संग्रहण, पृथक्करण और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सफाई मित्रों को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्रीय नागरिकों से फीडबैक भी प्राप्त करें और उन्हें गीले व सूखे कचरे के अलग-अलग निस्तारण के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में दो डस्टबिन होना अनिवार्य है, ताकि कचरे का प्रारंभिक स्तर पर ही पृथक्करण हो सके और सड़कों पर कचरा न फैले। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर 'मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी' स्लोगन को जन-जन तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया, ताकि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके और चन्दौसी को सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग दिलाई जा सके। बैठक में परियोजना अधिकारी रवि प्रताप, मुकेश, कपिल सैनी, सोनू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी गई पर्सनल सेफ्टी की जानकारी

**चन्दौसी।** महिलाओ एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु 'मिशन शक्ति' के द्वितीय चरण के अन्तर्गत शनिवार को जिला प्रोब. ेशन अधिकारी सम्भल के निर्देशानुसार पर्सनल सेफ्टी अवेरयनेस कार्यक्रम का आयोजन पंकज स्मारक कन्या इण्टर कॉलेज पाठकपुर सम्भल में छात्र-छात्राओं के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं को सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया और पर्सनल सेफ्टी के बारे में बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे-सखी वन स्टॉप सेंटर योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बाल विवाह, एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे 1098, 181, 112, 102, 1081 1076, आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकालीन स्थिति में किया जा सकता है, के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में बबीता रानी, पूजा सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रज्ञा शर्मा एवं पंकज स्मारक कन्या इण्टर कालेज पाठकपुर के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।



## फिल्म 'कल्कि संभल' की तैयारी तेज!

### 14 अप्रैल से शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

**चन्दौसी।** संभल दंगों की पृष्ठभूमि पर बन रही फिल्म 'कल्कि संभल' को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को फिल्म के डायरेक्टर भारत एस. श्रीनेत अपनी टीम के साथ एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी पहुंचे जहां फिल्म के कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग प्रस्तावित है। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दानवीर सिंह यादव से मुलाकात कर शूटिंग को लेकर चर्चा की और पूरे परिसर का भ्रमण किया। डायरेक्टर के अनुसार, फिल्म की शूटिंग का शुभारंभ 14 अप्रैल 2026 से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी संभल में समय-समय पर हुए सांप्रदायिक दंगों और उनसे जुड़े सामाजिक प्रभावों पर आधारित है। फिल्म में विशेष रूप से 1978 और 24 नवंबर 2024 को हुए दंगों की घटनाओं को दर्शाया जाएगा, जिनका स्थानीय समाज पर गहरा असर पड़ा था। फिल्म के निर्माता अमित जानी हैं, जो इससे पहले 'उदयपुर फाइल्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके हैं। 'कल्कि संभल' में दो मुख्य किरदारों-'अब्बाजान' और 'भाईजान' को प्रमुख रूप से दिखाया गया है। 'अब्बाजान' पर वर्ष 1978 में राजनीतिक लाभ के लिए दंगे भड़काने के आरोप को दर्शाया जाएगा, जबकि 'भाईजान' का किरदार 2024 की घटनाओं से जुड़ा बताया गया है। जानकारी के अनुसार, 'अब्बाजान' की भूमिका अभिनेता महेश मांजरेकर निभाएंगे और 'भाईजान' का किरदार विजय राज द्वारा अभिनीत किया जाएगा। इसके अलावा, संभल के पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई के किरदार को भी फिल्म में दिखाया जाएगा, हालांकि इस भूमिका को निभाने वाले अभिनेता का नाम अभी गोपनीय रखा गया है। माना जा रहा है कि आगामी पोस्टर में इसका खुलासा किया जा सकता है। गौरतलब है कि इस फिल्म की घोषणा 21 सितंबर 2025 को संभल कोतवाली क्षेत्र के गांव शहजादी सराय स्थित नैमिषारण्य तीर्थ क्षेमनाथ मंदिर में की गई थी। उस समय इस परियोजना को 'संभल फाइल्स' नाम से लाने की बात कही गई थी, लेकिन बाद में नाम परिवर्तित कर 'कल्कि संभल' कर दिया गया। फिल्म का पहला पोस्टर 02 फरवरी 2026 को जारी किया जा चुका है। फिल्म को लेकर स्थानीय स्तर पर भी उत्सुकता देखी जा रही है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो यह फिल्म न केवल संभल की घटनाओं को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करेगी, बल्कि सामा. जिक और ऐतिहासिक विमर्श को भी नई दिशा दे सकती है।






# दुश्मन ये भूल चुके हैं शहादत हमारा मुकद्दर है: इलाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अयातुल्लाह खामेनेई के भारतीय प्रतिनिधि डॉ.अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि कर्बला का हमें ये सबक अच्छी तरह से याद है कि जुल्म के आगे किसी भी कीमत पर सिर नहीं झुकाना है। दुश्मन ये भूल चुके हैं कि शहादत हमारा मुकद्दर है, मौत का खौफ हमें कभी पीछे हटने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। पूरी दुनिया की तारीख इस बात की गवाह है कि हुसैनियों की शहादत हर दौर में रंग जरूर लाई है।

अमरोहा पहुंचे डॉ.मजीद इलाही ने शनिवार रात इन ख्यालात का इजहार शहर के मोहल्ला दानिशमंदान स्थित इमामबाड़ा वजीरूननिसा में किया। अंजुमन रजाकाराने हुसैनी की संयोजन में ईरान के सर्वोच्च लीडर सैय्यद अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत और उनकी याद में ताजियाती जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में जमा लोगों ने नम आंखों से अयातुल्लाह खामेनेई की तस्वीर के सामने अपनी अकीदत के फूल पेश किए। डॉ. मजीद इलाही ने अयातुल्लाह खामेनेई की जिंदगी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि आपको हिन्दुस्तान से बेपनाह मोहब्बत थी। यहां की तहजीब और यहां के भाईचारे से जिक्र अक्सर करते रहते थे। उन्होंने हमेशा भारत को एक

## आयतुल्लाह खामेनेई के भारतीय प्रतिनिधि पहुंचे अमरोहा



अमरोहा। कारवां फाउंडेशन की ओर से शोक संदेश प्रस्तुत करते सैयद मौहम्मद आदिल एडवोकेट व अन्य।

मित्र राष्ट्र के रूप में देखा। डॉ.इलाही ने आगे कहा कि आपकी पूरी जिंदगी इंसानियत की खिदमत और मजलूमों की आवाज बुलंद करने में गुजरी। उन्होंने दुनिया को अमन और भाईचारे का पैगाम दिया और नफरती साजिशों के खिलाफ खड़े रहे। जलसे के दौरान डॉ. मजीद इलाही ने अयातुल्ला खामेनेई की शहादत और उनके संघर्षों का जिक्र करते हुए इसे कर्बला के मिशन से जोड़ा। उन्होंने इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत का पुरदर्द बयान सुनाया, जिसे सुनकर इमामबाड़े में मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम की शुरुआत और बीच में मशहूर मर्सिया ख्वान सैय्यद सिब्ते सज्जाद ने अपनी मर्सिया पेश किया। जिसने माहौल को पूरी तरह गमगीन कर दिया और अहले-बैत की कुर्बानियों को याद दिलाया। जलसे में मौलाना डॉ.अहसन अख्तर सरोश, मौलाना अकील ने भी अपने विचार रखे। शहर की 50 से अधिक संस्थाओं ने डॉ इलाही को शोक संदेश प्रस्तुत किए। जलसे में बहुत बड़ी संख्या में लोग जुटे, जिसके बाद इमामबाड़ा परिसर छोटा दिखाई दिया। अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। अंजुमन के सचिव खुर्शीद हैदर जैदी ने कहा कि यह जलसा सिर्फ एक ताजियती जलसा नहीं, बल्कि उस विचारधारा को सलाम करने का जरिया है जो जुल्म के खिलाफ और इंसानियत के हक में खड़ी होती है। इस दौरान मौलाना डॉ,सियादत नकवी, मौलाना एजाज, मौलाना अजहर अब्बास, मौलाना डॉ शहवार, मौलाना कौसर, प्रोफेसर नाशिर नकवी, सरदार प्रहलाद सिंह, पंडित भवन शर्मा, ओवेस रिजवी, मौलाना कुर्तुल एन मुज्तबा, गुलाम सज्जाद, महबूब जैदी, कमर नकवी, मोहम्मद अहमद जैदी, मुराद आरिफ एडवोकेट, हाजी खुर्शीद अनवर, कैप्टन अशर रजा तकवी, डॉ आतिफ खान, जहीर हैदर नकवी व अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# चाचा के सिर पर फावड़ा मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। टीन शेड में सामान रखने को लेकर हुए विवाद में सगे भतीजे ने चाचा के सर में फावड़ा मार कर अपने ही खून बहा दिया। पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ में रूप किशोर पुत्र खचेड़ू का गांव के बाहर एक प्लांट है। उसमें टीन शेड पड़ा हुआ है। टीन शेड सामान रखने के लिए उसका सगा भतीजा चाचा से जिद कर रहा था। शनिवार को इसको लेकर रूप किशोर की पत्नी नीलम की भतीजे से सामान को रखने को लेकर कहा सुनी हो गई। कुछ देर में चाचा वह भतीजे के बीच गली गलोंच होने लगी। कुछ देर में भतीजा दरिंदा बन बैठा। चाचा के सर में फावड़े से वार कर दिया। जिससे चाचा के सर से खून का फव्वारा बाहर को निकल आया। लहूलुहान अवस्था में रूप किशोर कोतवाली पहुंचा तथा पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया।

## एक नजर

### ज्योतिबाफूले की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। डॉ. भीमराव अंबेडकर जन-जागृति समिति के बैनर तले शनिवार को महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बंबूगढ़ चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष और विचारों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हरि सिंह मौर्य, राजकुमार अरुण, डॉक्टर मुनेंद्र मोहन, वरण सिंह,जयप्रकाश सिंह, महेश कुमार, देवेश कुमार, कृष्णपाल सिंह, शब्द कुमार वाल्मीकि, नितिन कसेरवा, विमल कुमार, अंकुश कुमार, सत्येंद्र सिंह, संजय कुमार, डॉ रजनी रानी, सीमा रानी, बबीता रानी, निशी भूषण, मुनेश कुमार, मुकेश जाटव मौजूद रहे।

### मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता फूले का जीवन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह ने कहा कि महात्मा ज्योतिबाफूले का संघर्ष आज भी हमें समानता, शिक्षा व मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रहरा स्थित प्रकाशवीर शास्त्री इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक परिवर्तन के महानायक महात्मा ज्योतिबाफूले जी की जयंती पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इस दौरान श्री तंवर ने कहा कि महात्मा फूले का संघर्ष हमें शिक्षा, समानता व मानवता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा देता है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर तथा उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह, मान सिंह राणा, महेश खड़गवंशी, महेन्द्र तंवर, सोनू गुर्जर, मनोज शर्मा, सतपाल सैनी, हेतराज सैनी आदि मौजूद रहे।

### पीसीएस में चयन पर अंकित का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने गांव पिपली निवासी अंकित कुमार के पीसीएस में चयन होने पर उनका स्वागत किया। शनिवार को पूर्व विधायक अशफाक अली खां उनके आवास पहुंचे तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अंकित कुमार को शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अंकित कुमार की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। परिजनों और ग्रामीणों ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि अंकित की मेहनत और लगन ने पूरे गांव का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र यादव, रवि यादव, कैलाश यादव, सर्वेंद्र, एडवोकेट ओमपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौधरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, ऋषिपाल सिंह, ईश्वर सिंह, काले सिंह आदि मौजूद रहे।

### रैली निकाल शिक्षा के प्रति किया जागरुक



**शाह टाइम्स ब्यूरो सैदनगली**। क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के प्रति अलख जगाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शनिवार को एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कंपोजिट स्कूल सैदनगली प्रथम एवं द्वितीय के स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से नगर के विभिन्न मार्गों पर रैली निकालकर अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाया। रैली के दौरान बच्चे हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। ढोल-नगाड़ों और लाउडस्पीकर के माध्यम से आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे। जैसे नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। प्रधानाध्यापिका खालिदा रफत अंसारी एवं प्रधानाध्यापक निर्देश कुमार ने सरकार द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क शिक्षा, ड्रेस, पुस्तकों व मध्याह्न भोजन जैसी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वैभव गुप्ता, नाजनीन, शाईस्ता बानो, सविता रानी, भावना गर्ग, अंजू देवी, ताजदार अहमद, पूजा चौधरी, मुमताज जहाँ, प्रवेश चौधरी, सुनीता, वर्तिका गुप्ता, ओमवती एवं नजमी आरा समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अचानक लगी आग से गन्ने की फसल

## हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शुक्रवार देर रात एक किसान की गन्ने की फसल में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। आग लगने से करीब दो बीघा गन्ने की खड़ी फसल जलकर पूरी तरह स्वाह हो गई।

कोतवाली इलाके के गांव औसा माफी निवासी किसान अजब सिंह पुत्र रामचंद्र का खेत गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर नगलिया रोड पर स्थित है। उनके खेत में गन्ने की फसल तैयार खड़ी थी। शुक्रवार देर रात राहगीरों ने खेत में आग की लपटें उठती देखी तो तुरंत किसान को सूचना दी। सूचना मिलते ही खेत स्वामी अजब सिंह दौड़ते हुए मौके पर पहुंच गये। आग तेजी से फैल रही थी और गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले चुकी थी। शोर मचाने पर गांव के दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गये और सामूहिक प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक करीब दो बीघा गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। किसान और ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच कर उचित सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# जिले का नाम फिर से ज्योतिबाफूले नगर हो

## फूले दम्पति की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ऑल इंडिया सैनी सभा ने महापुरुष महात्मा ज्योतिबा राव फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया।

रविवार को ऑल इंडिया सैनी सभा के पदाधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा राव फूले का 199वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। कलेक्ट्रेट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनकी धर्मपत्नी भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले के संघर्षों की चर्चा की। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विभा श्रीवास्तव को सौंपा । जिसमे कहा गया कि फूले दम्पत्ति की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल कर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। जिले का नाम पुन: ज्योतिबा फुले नगर हो, और देश में एक समान शिक्षा नीति लागू कर शिक्षा का व्यवसायीकरण बंद किया जाए। सरकार द्वारा प्रस्तावित यूजीसी कानूनों को शीघ्र लागू किया जाए तथा देश में सरकार द्वारा प्रस्तावित महिलाओं के 33% आरक्षण मे ओबीसी वर्ग की महिलाओं को अलग से आरक्षण दिया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी, चंद्रभान सैनी, कल्याण सिंह, कृपाल सिंह, मदन मोहन, संजय, धर्मपाल, नरेश, पूरन सिंह सैनी, राजकुमार, हरपाल मौजूद रहे।

# अंधविश्वास ने ली छात्र की जान, मचा कोहराम

## रस्सियों से बांधकर 12 घंटे गंगा के पानी में रखा गया किशोर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भूसा लेने गये छात्र की सांप के डसने के बाद उसकी जान अंधविश्वास ने ली ली। छात्र की मौत से परिजनों कोहराम मचा हुआ है।

थाना आदमपुर के गांव पीतम पुर से एक बहुत ही दिल को चकनाचूर कर देने वाली खबर आई है। छात्र अमित गुरुवार की शाम को पशुओं के लिए भूसा लेने गया था। लेकिन उसे सांप ने काट लिया। परिजन छात्र का उपचार कराने के लिए झाड़ फूंक करने वालों के पास उसे लेकर घूमते रहे। कई गांव में झाड़ फूंक करने वालों को छात्र अमित को दिखाया गया। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। उसके 12 घंटे तक गंगा की लहरों में किशोर के शरीर को रस्सियों से बांधकर रखा गया। ताकि सांप के काटे का जहर उतर जाये। लेकिन अंधविश्वास ने 13 साल के मासूम अमित की जिंदगी छीन ली। दिलों को झकझोर देने वाली इस घटना पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है जागरूकता की कमी के कारण आज भी लोग झाड़-फूंक के जाल में फंसकर जान गंवा रहे हैं। किशोर की मौत के बाद गमगीन परिजनों ने उसे गंगा में धारा प्रवाहित कर दिया है। अमित कक्षा 4 का छात्र था। अमित की मौत से परिजनों में को. हराम मचा हुआ है।

# बिना पालिका एनओसी के नहीं मिलेगा बिजली कनेक्शन

## ईओ डा. ब्रजेश ने विद्युत विभाग को जारी किया पत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अब शहर में नया बिजली कनेक्शन लेना पहले जैसा आसान नहीं रहेगा। जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए साफ कर दिया है कि नगर पालिका की अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना किसी भी मकान या दुकान पर नया विद्युत कनेक्शन जारी नहीं किया जाएगा।

जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद यह नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब हर आवेदक को बिजली कनेक्शन लेने से पहले नगर पालिका में अपना गृहकर और जलकर जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही आवेदन के साथ कर जमा करने की रसीद या पालिका की एनओसी लगानी होगी। नगर पालिका परिषद अमरोहा के उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि हाल ही में आयोजित नगर विकास विभाग की बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिन भवनों या दुकानों पर नया बिजली कनेक्शन लिया जाना है, उनकी संपत्ति नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी मकान या दुकान का विवरण अभी तक पालिका के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है, तो पहले उसे पंजीकृत कराया जाएगा। इसके बाद ही संबंधित संपत्ति पर बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। पालिका प्रशासन ने इस संबंध में विद्युत वितरण खंड-1 और 2 के अधिशासी अभियंताओं को पत्र जारी कर दिया है।




# पुलिस पर हमला करने वालों पर कसा शिकंजा

## सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। चान्द्रा फार्म गांव में पुलिस टीम पर हमला कर हिरासत से आरोपी छुड़ाने वालों पर आखिरकार कानून का शिकंजा कस गया। थाना पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक, 10 अप्रैल को चौकी शेरपुर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान जग्गा पुत्र जोगा सिंह को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दबोचा गया था। पुलिस टीम मौके पर कानूनी कार्रवाई कर रही थी, तभी उसके परिजन लाठी-डंडे और दाव लेकर पुलिस पर टूट पड़े। आरोप है कि मारपीट और हंगामे के बीच पुलिसकर्मियों के साथ धक्का- मुक्की की गई और सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए आरोपी जग्गा को जबरन छुड़ाकर फरार करा दिया गया। घटना को पुलिस अधिकारियों ने बेहद गंभीरता से लिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने लगातार दबिश दी और मुख्य आरोपी जग्गा के साथ उसकी मां करतार देवी, पत्नी रीना कौर और बहन सुखविंद्र उर्फ सुखवी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि जग्गा पहले से भी गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट और शराब तस्करी के मामलों में शामिल रहा है। ऐसे में पुलिस टीम पर हमला कर आरोपी छुड़ाने की घटना ने उसकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।अधिकारियों का कहना है कि पुलिस टीम पर हमला कानून के खिलाफ सीधी चुनौती है, इसलिए आरोपियों के खिलाफ कठोर धाराओं में कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# महात्मा फुले ने की सत्य शोधक समाज की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के हसनपुर मार्ग स्थित एक धर्मशाला में महात्मा ज्योतिबाफुले की 199वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए। वक्ताओं ने उनके जीवन में किए गए कार्यों पर विस्तार

■ **धूमधाम से मनाई गई महात्मा फुले की जयंती**

से रोशनी डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने



कहा कि महात्मा फुले ने सत्य समाज शोधक स्थापना करके देश में रूढ़िवादी विचारधारा का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, सती प्रथा, बाल विवाह का विरोध किया तो वहीं महिलाओं की शिक्षा को बढ़ाने और समाज में उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए कार्य किया और उन्होंने छुआछूत का विरोध किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। टेकचंद सैनी ने नगर पालि. का से महात्मा ज्योतिबाफुले और सावित्री बाई फुले की प्रतिमा लगवाने की मांग की। कार्यक्रम में टेकचंद सैनी, चंद्रपाल सैनी, टेकचंद सैनी, मनमोहन सेन, विनोद गुर्जर, उत्तम सिंह प्रजापति, कमल सैनी, रवि सैनी, संजय सैनी, प्रदीप सैनी, ताराचंद सैनी, मंगली सैनी, मुन्नालाल सैनी, अमन सैनी, गुड्डू सैनी आदि मौजूद रहे।

# चाचा ने भतीजे को किया घायल

■ **पिता के साथ गाली गलौच का विरोध कर रहा था छात्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पिता को गाली गलौच कर रहे चाचा का विरोध करने पर चाचा ने छात्र के सिर में हथियार दाब मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने घायल को थाने ले जाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराते हुए तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव पपसरा खादर में शनिवार को दोपहर के समय बीएफार्मा का छात्र मुस्करान अपने घर पर पिता के साथ खड़ा था। इस दौरान उसका चाचा वहां पहुंचा और उसके पिता को गाली गलौच करने लगा। जिसका विरोध करने पर चाचा ने धारदार हथियार दाब से उसके सिर पर वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। उसके सिर में से खून बहने लगा। घटना के बाद परिजनों ने घायल को थाने ले जाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छात्र को उपचार के लिए सीएचसी में भेजा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर मिल गई है। अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

■ थाना समाधन दिवस के अवसर पर थाना सुनगढ़ी में लगा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सुनगढ़ी में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आई समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। थाना समाधान दिवस के दौरान नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष, लेखपाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित उपस्थित रहे।

# चलती कार में लगी आग

## पत्नी जिंदा जली, कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर पति गंभीर झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** एक चलती कार में आग लगने से एक महिला की जलकर मौत हो गई। हादसे में महिला का पति भी झुलस गया। यह घटना उसहैत थाना क्षेत्र के रौता गांव के पास शुक्रवार रात को हुई।

मृतक महिला की पहचान 25 वर्षीय प्रिया के रूप में हुई है, जो अपने पति अर्पित भारद्वाज के साथ लखीमपुर के पलिया कस्बे से घर लौट रही थीं। अर्पित स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (CHO) हैं और उनकी पोस्टिंग कादरचौक सीएचसी पर है। प्रिया का तीन दिन पहले पलिया के एक अस्पताल में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। बताया गया कि ऑपरेशन के बाद तबीयत ठीक न होने के कारण प्रिया कार की पिछली सीट पर लेटी हुई थीं, जबकि अर्पित गाड़ी चला रहे थे। रौता गांव के पास अचानक कार में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। गाड़ी के दरवाजे कथित तौर पर लॉक हो गए थे, लेकिन अर्पित किसी



तरह बाहर निकलने में सफल रहे और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया।

कुछ देर बाद थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक प्रिया की जलकर मौत हो चुकी थी। उसहैत के एसएचओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि महिला का शव कब्जे में ले लिया गया है और झुलसे हुए पति का इलाज कराया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

## एक नजर

### बीसलपुर विधानसभा की अंतिम मतदाता सूची जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** तहसील में विधानसभा क्षेत्र 130 बीसलपुर के लिए अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया गया।

यह सूची एसडीएम बीसलपुर की उपस्थिति में मान्यता प्राप्त राजनी. तिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई है इस दौरान सभी राजनीतिक दलों को सूची का अवलोकन करने और आवश्यक जानकारी प्राप्त करने का अवसर दिया गया। एसडीएम नागेंद्र पांडे ने उपस्थित प्रतिनिधियों से अपील की कि वे मतदाता सूची का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि या संशोधन की आवश्यकता हो तो नियमानुसार अवगत कराया जाए इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### घर के बाहर चार्जिंग पर लगा ई रिक्शा हुआ चोरी, कार्यवाही को भटक रहा बुजुर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** ग्राम बरहा श्री रामनगर कॉलोनी में शुक्रवार की रात चार्जिंग पर लगा ई रिक्शा चोरी हो गया। ई रिक्शा मालिक सियाराम ने प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी को चार्जिंग पर लगा ई रिक्शा न्च्26ज्9279 चोरी होने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थी सियाराम पुत्र बुद्धसेन निवासी श्री रामनगर कॉलोनी ग्राम बरहा थाना सुनगढ़ी जिला पीलीभीत रोजमर्रा की तरह घर के बाहर दिनांक 10 अप्रैल 2026 को रात्रि 10 बजे ई रिक्शा यूपी 26ज्9279 चार्जिंग पर लगाया था सुबह जब देखा तो ई रिक्शा चार्जिंग पर लगा गायब था चार्जर का प्लग निकला पड़ा था। आसपास पूछा तो कोई जानकारी नहीं मिली, आसाम हाइवे की तरफ के कैमरे चेक किए तो उसमें लगभग 2.40 बजे रात्रि 11 अप्रैल 2026 को जाते हुए कैमरे में दिख रहा है। इस मामले में संबंधित पुलिस सुबह आई जांच कर चली गई कोई कार्यवाही न होने पर पुन: प्रार्थी सियाराम सुनगढ़ी प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर चोरी प्रकरण में एफआईआर दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है लेकिन जिम्मेदार जांच के नाम पर ताल मटोल कर रहे है।

### बेन-हर गुरुकुल में इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन नॉलेज हाउस बना चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेन-हर गुरुकुल में खेलकूद प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के अंतर्गत कक्षा VI से VIII तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता (बॉयज कैटेगरी) का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस इंटीग्रिटी, एथिक्स, लीडरशिप एवं नॉलेज के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैहमी ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा टॉस करवाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। पहला मुकाबला इंटीग्रिटी हाउस और एथिक्स हाउस के बीच खेला गया, जिसमें एथिक्स हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 रनों से जीत दर्ज की। दूसरा मैच लीडरशिप हाउस और नॉलेज हाउस के मध्य हुआ, जिसमें नॉलेज हाउस ने 27 रनों से जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मुकाबला एथिक्स हाउस और नॉलेज हाउस के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंतत: नॉलेज हाउस ने 25 रनों से विजय प्राप्त कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है, खेलों से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया व कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि विद्यार्थियों में टीम वर्क एवं अनुशासन को प्रोत्साहित करने का अद्वितीय तरीका है। एक्टिविटी इंचार्ज गुरसेवक सिंह एवं ऐकैडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। संपूर्ण प्रतियोगिता का संचालन खेल अध्यापक रमनदीप सिंह, मनोज भास्कर एवं शिवम शर्मा के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।

### नीलगाय से टकराया बाइक सवार हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शनिवार को मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाइवे पर गांव बसई के पास नीलगाय से टकराई बाइक, बाइक सवार हुआ गंभीर रूप से घायल।

आपको बता दें कि बिसौली कोतवाली क्षेत्र के बसई गांव के पास एक सड़क हादसा हो गया।

जहां शनिवार को तेज रफ्तार बाइक अचानक नीलगाय से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार रईस उल हसन पुत्र अब्दुल गनी निवासी अल्हापुर भिकन जनपद मुरादाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि घायल मुरादाबाद से बदायूं की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में नीलगाय सामने आ जाने से यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर आ पहुंचे।

### आसफपुर में बिजली का तार टूटने से गेहूं की फसल में लगी आग, बुझाने पहुंचा किसान झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फैजगंज।** बेहटा थाना क्षेत्र के आसफपुर में शनिवार दोपहर करीब दो बजे अचानक बिजली का तार टूटने से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कई किसानों की फसल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने के लिए आसपास के किसान जरीफ पुत्र नसीर, इसरार पुत्र नन्हुकी, सौदान सिंह पुत्र प्रेम सिंह, महबूब पुत्र शहजादे और आले हसन पुत्र मेहदी हसन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसी दौरान आग बुझाते समय किसान आले हसन तेज लपटों की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घायल को तत्काल स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा अचानक बिजली का तार टूटने से हुआ, जिससे खेतों में खड़ी सूखी गेहूं की फसल ने तेजी से आग पकड़ ली।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बिसौली ब्लाक इकाई गठित, उमेश कुमार बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई बिसौली की ब्लॉक सभागार में शिक्षकों की चुनाव संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उमेश कुमार गंगवार को ब्लॉक इकाई का अध्यक्ष, अंकुश गुप्ता को ब्लॉक इकाई का मंत्री, पंकज कुमार को ब्लॉक इकाई का कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। जिला इकाई के अनुमोदन के बाद ब्लॉक उपाध्यक्ष पद पर सोनी अनार्य, मनोज कुमार को चयनित किया गया। सभी पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी धीरज शर्मा द्वारा पद एवं गोप. नीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिला संयोजक दुष्यंत कुमार रघुवंशी द्वारा सभी पदाधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया, एवं नवीन कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दीं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक सोनी गुप्ता की देख रेख में सम्पन्न हुई। अंत में उपस्थित शिक्षकों द्वारा सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण किया और अंगवस्त्र के माध्यम से चयनित शिक्षकों का सम्मान किया गया।

# सेवानिवृत हुए रसायन विभाग के प्रवक्ता टीएच खान, दी भव्य विदाई



■ पर्यावरण चिंतक के तौर पर जनपद में बनाई अलग पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जनपद के सबसे बड़े एसआरएम इंटर कॉलेज बीसलपुर में रसायन विज्ञान प्रवक्ता टीएच खान के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। कॉलेज में हुये सम्मान समारोह में जिला प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य दुर्वेश कुमार मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा० सर्वेश गर्ग ने की, कार्यक्रम में एडवोकेट विनोद राय, एडवोकेट निर्भय सक्सेना, कुलवन्त सिहं, गोपी, पूर्व प्रधानाचार्य केसी गंगवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय के छात्र मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता हरेन्द्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओ ने प्रवक्ता टीएच खान के विधार्थीयों के प्रति लगन, पढ़ाने व उनके पर्यावरण कार्यों को लेकर व उनघ्की शिक्षा के प्रति समपर्ण की भावना की प्रशंसा की। विधालय के प्रधानाचार्य राजेश चन्द्र गंगवार ने सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य ने श्री खान की बच्चों के प्रति लगन की सराहना की।

# इंटर हाउस सीनियर विंग वॉलीबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन

■ विंध्या और अरावली हाउस रहे प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेन-हर पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सीनियर विंग की इंटर हाउस वॉलीबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। खेल का आयोजन एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी, एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा, हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा ने मैचेज के पूर्व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

खेल शिक्षक देव सिंह, त्रिलोक चंद्र, अमन सिंह, राजेंद्र मौर्य' ने मैच रेफरी का दायित्व संभाला। हाउस इंचार्जेज सीनियर विंग अमित कुमार श्रीवास्तव, शुभम शर्मा, आसना खान, दीक्षा मिश्रा एवं अन्य शिक्षक खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रतियोगिता स्थल पर आते रहे। प्रतियोगिता का पहला बास्केटबॉल मैच विंध्या और सतपुरा हाउस के बीच हुआ। जिसमें विंध्या हाउस ने विजय प्राप्त की। दूसरे मैच में अरावली ने हिमालया हाउस को हराया। तीसरे स्थान के लिए मैच सतपुरा हाउस और हिमालया हाउस के बीच मुकाबला हुआ जिसमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर हिमालया हाउस ने मुकाबला जीता। इस प्रकार टूर्नामेंट में विंध्या प्रथम स्थान पर अरावली हाउस द्वितीय स्थान पर और हिमालया हाउस तृतीय' स्थान पर रहा। विजयी टीम विंध्या हाउस के खिलाड़ी रहे। जशनदीप सिंह, गौरांश सिंह, अर्पित्त तेओटिआ, विराट सक्सेना उशांत वर्मा, अलंकृत शुक्ला, सुमित कुमार शर्मा जसमन गोराया,और देवांश मित्तल। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुमित शर्मा, उशांत, जक्षणदीप। प्रतियोगिता का पहला वॉलीबॉल मैच अरावली और सतपुरा हाउस के बीच हुआ। जिसमें सतपुरा हाउस ने विजय प्राप्त की। दूसरे मैच में विंध्या हाउस और हिमालया हाउस के बीच मुकाबला हुआ जिसमें विंध्या हाउस ने विजय प्राप्त की। तीसरे स्थान के लिए मैच अरावली हाउस और हिमालया हाउस के बीच मुकाबला हुआ जिसमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर अरावली हाउस ने मुकाबला जीता। इस प्रकार वॉलीबॉल टूर्नामेंट में विंध्या हाउस प्रथम सतपुरा हाउस द्वितीय और अरावली हाउस तृतीय स्थान पर रहा। वॉलीबॉल टूर्नामेंट में प्रथम स्थान पर आए विंध्या हाउस के खिलाड़ी रहे -एकम कौर माँगत, खिजरा खान, प्रतिथि सैनी, सृष्टि पांडे, मोमिना तनीम, अंशिका गंग. वार, संस्कृति गंगवार,अंशिका यादव,वंशिका गौर, वंशिका वर्धन। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मोमिना तनीम, अंशिका, सीरत कौर, एकम कौर।

# शिक्षा के मंदिर में मासूमों के हाथों में किताबों की जगह थमाई गई झाडू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र के लुहीचा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के अधिकार की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जहां एक और सरकार बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं दूसरी ओर विद्यालय प्रशासन मासूम बच्चों से सफाई का कार्य करवा रहे हैं ताजा मामला तहसील क्षेत्र के लुहीचा।

प्राथमिक विद्यालय का है यहां पर प्रधानाध्यापक मनोज कुमार द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों के हाथों में कलम और किताब की जगह झाडू थमा दी गई। मिली जानक. ारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार की देखरेख में बच्चों से विद्यालय परिसर की साफ सफाई करवाई जा रही थी विद्यालय समय के दौरान जब बच्चों को कक्षाओं में होना चाहिए था तब बे धूल भरी जमीन पर झाडू लगाते नजर आए। अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को सुनहरे भविष्य की उम्मीद में स्कूल भेजते हैं लेकिन यहां उन्हें श्रमिक की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उच्च



अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच हेतु कार्रवाई की मांगती है बच्चों का भविष्य सुनहरे कल की ओर नहीं बल्कि अंधेरे की ओर जा रहा है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दूसरी प्रधानाचार्य में सख्त कार्रवाई की जनता की भविष्य में किसी और मासूम बच्चों के साथ ऐसा खिलवाड़ ना हो सके।

# पुलिस ने किया लूट की घटना का खुलासा

■ दो अभियुक्त पकड़े, लूटी गई नगदा व अवैध तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पूरनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना पूरनपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 141/2026 धारा 309 (4) बीएनएस बनाम अज्ञात में प्रकाश में आए अभियुक्त दयाराम पुत्र जमुना प्रसाद उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम सराय नवदिया थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर, व आजाद पुत्र जगदीश उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम धनसिंहपुर पोस्ट प्रसादपुर थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर को एक नाजायज तमंचा 312 बोर मय एक जिंदा कारतूस तथा लूटे गए 5 हजार रुपए नगद सहित ग्राम जेठापुर नहर पुलिया के पास से समय 4:05 बजे गिरफ्तार किया गया।

बता दें कि 6 अप्रैल को अमित वर्मा पुत्र रामदास नि० ग्राम सबलपुर खास थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत समय करीब 08:30 बजे शाम अपने नए मकान पूरनपुर



से अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर के लिए खाने के गेहूं लादकर वापस गांव आ रहे थे, जब वह राकेश के ट्यूबवेल के पास पहुंचे तो चार अज्ञात व्यक्ति आए और उनका ट्रैक्टर रुकवाकर तमंचा दिखाकर उनकी जेब में पड़े 10 हजार रुपये तथा उनका मोबाइल (ओप्पो कंपनी, मो नं 6398879167) लूटकर फरार हो गए। उक्त घटना के संबंध में थाना पूरनपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# बच्चों वाले श्मशान घाट व जर्जर सड़कों को लेकर उठाई आवाज

■ उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल युवा विंग ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** उद्योग व्यापार प्रति. निधि मण्डल के युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा के आवाह्न पर क्षेत्र की गंभीर जनसमस्याओं को लेकर एक मांग पत्र जारी किया है। संगठन के युवा विंग अध्यक्ष नितिन वर्मा द्वारा जारी इस पत्र में बच्चों वाले श्मशान घाट की दुर्दशा और ब्लॉक रोड की जर्जर हालत पर गहरा रोष व्यक्त किया गया है।

श्मशान घाट में शव दफनाने में हो रही भारी दिक्कत के लिए व्यापार मंडल ने प्रशासन का ध्यान शेरपुर रोड स्थित श्मशान घाट की ओर आकर्षित करते हुए बताया कि यहां जल स्तर अत्यधिक ऊपर होने के कारण शव दफनाने में बड़ी बाधा आ रही है। थोड़ी सी खुदाई करते ही पानी निकल आता है, जिससे अंतिम संस्कार में परिजनों को भारी मानसिक और शारीरिक कष्ट झेलना पड़ता है। संगठन ने यहाँ तत्काल 25-30 ट्राली मिट्टी डलवाने की मांग की है ताकि सतह को ऊंचा किया जा सके। इसके साथ ही खाली जमीन पर इंटरलॉकिंग, बैठने के लिए बेंच, बाउंड्री वॉल के रंग-रोगन और आवारा पशुओं को रोकने के लिए मुख्य गेट लगवाने का भी अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही युवा व्यापार मंडल ने महिला अस्पताल के सामने की सड़क जो गर्भवती महिलाओं के लिए मुसीबतश्बन रही है उसके लिए भी पत्र में पूरनपुर ब्लॉक रोड की दयनीय स्थिति का भी उल्लेख किया गया है। बताया गया कि महिला अस्पताल के सामने की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और यहाँ बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

मरीजों को परेशानी हो रही है बारिश के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाने से अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी कठिनाई होती है। आए दिन यहाँ राहगीर चोटिल हो रहे हैं। व्यापार मंडल ने शासन-प्रशासन से जनहित में इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की अपील की है, ताकि आम जनमानस को राहत मिल सके। ज्ञापान देने में मौजूद रहे युवा विंग नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा, मोहम्मद हसन, राहत शेरी, विकास गुप्ता ,गौरव पांडे ,सुभाष गुप्ता ,अंकित अग्रवाल, मोहम्मद एजाज शरीफ, हसमत अली, शमशुल हसन, शान मोहम्मद,शहीदुल हसन ,रिजवी सिद्दीकी, गौरव गुप्ता ,संजीव यादव आदि व्यापारी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नगर पालिका ने कराई फॉगिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद के निर्देशानुसार संक्रामक बीमारियों के बढ़ते खतरें को देखते हुए पालिका द्वारा सघन फॉगिंग अभियान चलाया गया।

नगर पालिका ने मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों पर रोकथाम के लिए नगर की गलियों और मोहल्लों में फॉगिंग अभियान तेज कर दिया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रवि यादव ने बताया कि नगर में नियमित रूप से फॉगिंग हो रही है। साथ ही नालियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी किया जा रहा है। वही विशेष सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है।

# स्मार्ट मीटर एवं अवैध वसूली से जनता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मीटर से फर्जी बिल निकालना, बिल के रुपये जबरदस्त हड़पना गिरोह सक्रिय

**इस्लामनगर।** उ.प्र. विद्युत वितरण खण्ड इस्लामनगर व देहात क्षेत्र में फर्जी मीटर रीडिंग निकालना लोगो से कनेकशन के नाम पर मोटी रकम हड़पना तथा बिल में जरूरी से ज्यादा धांधले बाजी की जा रही है। एसडीओ सहित तमाम उच्च अधिकारी अवैध कमाई करने में मशगूल होने से स्थानीय जनता रो रही है। शासन प्रशासन अन्धे बहरे की भूमिका निभा रहे हैं। निरंकुशता का ये आलम है। इन्हे किसी का भय नही है।

कंस की तरह अपनी कार गुजारियों को खुलेआम अंजाम दे रहे हैं। रोशनी वाले लूट रहे है। ठगो जमात लिये जनता मे घूम रहे हैं। ये बिजली विभाग के अवैध ठगो का गिरोह चौबीस घंटे लूट मार कर रहे है। ये रात के दूसरे पहर में लोगो के घरो पर बदमाशो की तरह छापा मार रहे है। और चेक करते है। बेचारा उपभोक्ता जब सुनता है कि किबाड़ जोर जोर से पीटी जा रही है। तब वह अधनींद मे अलसाई अवस्था में विस्तर से उठकर दरवाजा खोलता है। लाचार उपभोक्ता जैसे ही दरवाजा खोलता तैसे ही पाँच से छ: पुलिस वाले यमराज की तरह खड़े देखता है। तब उसके होश उड़ जाते हैं। और बेचारा पछताता है कि उसने बिजली कनेकशन लेकर बहुत बड़ी भूल की है। ऐसी जिल्लत उठानी पड़ेगी उसे मालूम नही था। और उपभोक्ता अपने परिवार के सामने लज्जित होता है। जालिम तेरे कारनामो से हम तंग आ गये है। वेपीर जमाना है, जुल्म की भवर में आ गये है। इसीलिए मुख्यमंत्री उप्र बिजली विभाग के अवैध बसूल आन्दोलन खत्म किया जाये। ठगोपर अंकुश लगाया जाये। लोगो के हड़पे धन को भविष्य में दिलाया जाये। रात्रि के उपभोक्ताओ के घरों पर अचानक छापा न मारा जाये। यदि उपभोक्ता के घर पर अधिक भार है। तब उसे जांच के दौरान बड़ा दिया जाये। ठगो का खेल अब बन्द होना चाहिए। उपभोक्ताओं का सम्मान अब जल्द होना चाहिए। अत: श्रीमान जी से अनुरोध है। प्रदेश में प्रशासन द्वारा निरंकुश रूप से जो लूट मार चल रही है। उस पर तत्काल प्रभाव से अंकुश लगना चाहिए।

# फार्मर रजिस्ट्री नहीं, तो योजनाओं से वंचित रहेंगे किसान : विजय कुमार शुक्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** फार्मर रजिस्ट्री को आने वाले दिनों में कृषि से जुड़ी हर योजना का मुख्य आधार बनाने की तैयारी है। जिस किसान की फार्मर रजिस्ट्री नहीं बनी है, वह किसी योजना का लाभ नहीं ले सकेगा। फिर चाहे बात खाद और बीज की बात हो या सम्मान निधि और छूट पर कृषि यंत्र लेने की।

किसानों के सरकारी डेटाबेस को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने वाली फार्मर रजिस्ट्री योजना अंतिम चरणों में है। फार्मर रजिस्ट्री न केवल सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी है, बल्कि यह



भविष्य में कृषि ऋण और सब्सिडी प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाएगी।

तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने स्पष्ट किया कि फार्मर रजिस्ट्री कराना प्रत्येक किसान के लिए अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए प्रशासन कॉमन सर्विस सेंटरों की भी मदद ले रहा है। विजय कुमार शुक्ला ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि वह अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र पर आधार कार्ड, खतौनी और बैंक पासबुक जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर अपनी रजिस्ट्री तुरंत कराएं।

यदि किसी किसान को पंजीकरण में समस्या आ रही है, तो वह तुरंत अपने हल्का लेखपाल या कानूनगो से संपर्क कर समाधान पा सकते हैं।

# औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए डीएम ने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद में औद्योगिक शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय सेक्टर-27 नोएडा के सभागार में सेवायोजकों/कारखाना प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संवाद के माध्यम से श्रमिकों के हित में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।




जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्गत गाइडलाइंस को प्रत्येक कंपनी के नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से चस्पा किया जाए, जिससे श्रमिकों में किसी प्रकार की आशंका या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने शासन की गाइडलाइन के संबंध में स्पष्ट किया कि किसी भी श्रमिक को अनावश्यक रूप से सेवा से नहीं निकाला जाएगा। ओवरटाइम का भुगतान दुगनी दर से किया जाएगा तथा उसमें किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी। प्रत्येक श्रमिक को साप्ताहिक अवकाश प्रदान किया जाएगा और यदि रविवार को कार्य कराया जाता है तो उसका भुगतान भी दुगनी दर से किया जाएगा। सभी श्रमिकों को नियमानुसार बोनस का भुगतान अधिकतम 30 नवंबर तक उनके बैंक खातों में सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक कारखाने में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति गठित की जाएगी, जिसकी अध्यक्ष महिला होगी। साथ ही शिकायत पेटी की स्थापना कर श्रमिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रत्येक श्रमिक का वेतन प्रत्येक माह की 10 तारीख के भीतर एकमुश्त भुगतान किया जाएगा तथा सभी को वेतन पर्ची अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। आंदोलन में सम्मिलित किसी भी श्रमिक या प्रतिनिधि के विरुद्ध कोई उत्पीड़नात्मक अथवा सेवा समाप्ति की कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित या लागू की जाने वाली वेतन वृद्धि को प्रभावी तिथि से ही सभी श्रमिकों को प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त सेवायोजकों एवं कारखाना प्रबंधन को निर्देशित किया कि उपरोक्त सहमत बिंदुओं का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रमिकों के अधिकारों का हनन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा तथा किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अनुपालन की स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

ताकि जनपद में औद्योगिक शांति एवं समन्वय बना रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो श्रमिक कार्य करना चाहते हैं, उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, जो श्रमिक कार्य नहीं करना चाहते हैं, उनसे कारखाना प्रबंधन द्वारा सौहार्दपूर्ण वार्ता कर शासन की गाइडलाइन के अनुरूप उन्हें समुचित जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी कारखानों के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरे श्रमिकों की सुविधा के लिए क्रियाशील अवस्था में रखे जाएं तथा किसी भी श्रमिकों को असुविधा की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, जिससे आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# जीएसटी अधिकारियों की जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राज्य कर विभाग गौतमबुद्ध नगर के एक दर्जन अधिकारियों पर वित्तीय गड़बड़ी करने के आरोपों के मामले की जांच पूरी हो गई। जांच अधिकारी अलीगढ़ मंडलायुक्त ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। यह मामला अपर आयुक्त आईएएस संदीप भागिया से भी जुड़ा है। इस मामले में आरोपी अधिकारियों ने अपर आयुक्त के खिलाफ शोषण का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोला था।जीएसटी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शासन की ओर से नियुक्त जांच अधिकारी अलीगढ़ मंडलायुक्त संगीता सिंह ने जांच रिपोर्ट प्रमुख सचिव जीएसटी कामिनी रतन चौहान को भेजी है।

बताया जाता है कि जांच रिपोर्ट नकारात्मक है। इसके आधार पर शासन इसी माह आदेश जारी कर सकता है। दूसरी ओर, नोएडा राज्य जीएसटी विभाग में भी इस मामले में जांच के लिए एक समिति गठित की गई थी।इस समिति ने जांच के आधार पर रिपोर्ट तैयार की थी और इसे मंडलायुक्त को भेजा था। जांच पूरी होने के बाद मंडलायुक्त ने इन फाइलों को नोएडा कार्यालय को वापस भेज दिया है। यह फाइलें कार्यालय में प्राप्त हो गई हैं। अपर आयुक्त राज्यकर गौतमबुद्ध नगर नोएडा जोन का कार्यभार संभाल रहे ज्वाइंट कमिश्नर केके राय ने कहा कि जांच रिपोर्ट के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। वहीं, इस मामले में आरोपी अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोप बेबुनियाद हैं। वे शासन के आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

**यह है मामला:** बीते साल सितंबर में राज्य कर विभाग गौतमबुद्ध नगर के अपर आयुक्त आईएएस संदीप भागिया पर शोषण और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोला।

इसके बाद आधा दर्जन अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। वित्तीय गड़बड़ियां कर सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने का आरोप में इन्हें निलंबित करने की तैयारी थी। इस मामले में छह अधिकारियों के खिलाफ करीब दो माह से विभागीय जांच चल रही थी। इसकी जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी थी। बीते साल 11 अगस्त को एक पान मसाला भरे ट्रक को कम टैक्स वसूलकर छोड़ने की जांच पूरी होने के बाद तबादले की कार्रवाई करने की जानकारी उच्च अधिकारियों ने दी गई थी। आरोप था कि जांच में शामिल सचल दल अधिकारियों ने माल के एवज में कम टैक्स चोरी और कम जुर्माना लगाया।

# 19 नए बिजली सब स्टेशन बनाने की मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लोगों को बिना रुकावट बिजली की आपूर्ति के लिए 9 सेक्टरों में 33/11 केवी के 19 नए सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बिजली निगम की टीम ने नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग के साथ जमीन चुन ली है। इसी माह निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। शहर में स्काडा योजना के तहत बिजली ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए 33/11 केवी के सेक्टर-8, 63, 65, 80, 81, 94, 106, 132 सेक्टर-140 में 33/11 केवी के बिजली उपकेंद्र बनाए जाएंगे। इसके लिए बीते दिनों प्राधिकरण सीईओ ने भी पत्र का संज्ञान देते हुए विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग को उपकेंद्रों के निर्माण के लिए भूमि चिह्नित करके उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, ताकि बिजली उपकेंद्र बनाने का कार्य जल्द शुरू हो सके।

**चार लाख घरों को मिलेगी राहत:** इससे जिले के साढ़े चार लाख उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति में मदद मिलेगी। इसके बाद सेक्टरों में जमीन चिह्नित करने का कार्य शुरू किया गया है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार जल्द ही जमीन चिह्नित होने के बाद उपकेंद्र बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

वहीं जिले में गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ जाती है। शहर में हर साल बिजली की मांग में इजाफा भी हो रहा है। जिले में बिल्डर सोसायटी, संस्थान और औद्योगिक इकाइयों को देखते हुए हर वर्ष बिजली की मांग में 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में बिजली की मांग तीन हजार मेगावाट से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। उसी को ध्यान में रखकर उपकेंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है, ताकि उपकेंद्रों पर बिजली का अतिरिक्त लोड बढ़ने के बजाय नए उपकेंद्रों से आपूर्ति दी जा सके। महाप्रबंधक विद्युत यांत्रिकी आरपी सिंह ने बताया कि योजना पर इसी माह काम शुरू हो रहा है।

**इन सेक्टरों में बनेंगे बिजली सब स्टेशन:** शहर में 33/11 केवी की क्षमता के 19 नए बिजली उपकेंद्र बनाए जाएंगे। ये उपकेंद्र सेक्टर-आठ, 63, 65, 80, 81, 94, 106, 132 और सेक्टर-140 में बनाए जाएंगे। साथ ही उपकेंद्रों पर 10-10 एमवीए की क्षमता के दो-दो ट्रांसफार्मर भी लगेंगे।

अभी पूरे जिले में 108 बिजली उपकेंद्रों से बिजली सप्लाई दी जा रही हैं। इनकी क्षमता भी 2294 एमवीए है। बिजली उपकेंद्र ओवर लोड होने पर उपकेंद्रों से निरंतर बिजली देने में दिक्कतें आती है।

# स्कॉर्पियो के चारों टायर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में एक स्कॉर्पियो गाड़ी के चारों टायर चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी को जैक पर खड़ा कर टायर चुरा लिए और फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

यह घटना दादरी थाना क्षेत्र के नई आबादी मोहल्ले की है। शहाबुद्दीन अंसारी ने कुछ दिन पहले ही एक नई स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदी थी। उन्होंने रात में अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह गाड़ी लेने आए, तो देखा कि गाड़ी के चारों टायर गायब थे और गाड़ी जैक पर खड़ी थी।

अंसारी ने जब अपने घर के सीसीटीवी कैमरे चेक करने की कोशिश की, तो पाया कि कैमरे का तार कटा हुआ था। उन्होंने तुरंत इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। शहाबुद्दीन अंसारी ने बताया कि रात में गाड़ी सही सलामत खड़ी थी, लेकिन सुबह उसके चारों टायर गायब मिले।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत दर्ज की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का पता लगाया जा सके।

## एक नजर

### 18 दिनों में 700 लोगों ने कराई टीबी की जांच, छह में मिले लक्षण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कासना स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग की ओर से चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान में बीते 18 दिनों के दौरान करीब 700 लोगों ने जांच कराई है। इनमें करीब छह मरीजों में टीबी के लक्षण मिले। विभाग के अनुसार, सभी चिह्नित मरीजों का इलाज शुरू कर दिया है। विभाग के डॉट्स सेंटर के इंचार्ज डॉ. गौरव सक्सेना ने बताया कि समय पर जांच और उपचार से टीबी जैसी संक्रामक बीमारी नियंत्रित की जा सकती है। इसमें लगातार खांसी आना, बुखार रहना, वजन कम होना और रात में अत्यधिक पसीना जैसे प्रमुख लक्षण शामिल हैं। इस अभियान के जरिए टीबी से होने वाले नुकसान और लक्षण के बारे में जागरूक किया जा रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि अस्पताल में टीबी की जांच और उपचार पूरी तरह निःशुल्क है।

### कार की टक्कर से दो कर्मचारी चोटिल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा की एक कंपनी में ड्यूटी करने आ रहे बाइक सवार दो युवकों दीपक और शिवमको सोरखा गांव के निकट एफएनजी रोड पर एक तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के राहुल विहार निवासी विशाल कुमार ने पुलिस को बताया कि ताऊ का लड़का दीपक और पड़ोसी शिवम दोनों नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करते हैं। वह रोजाना बाइक से ऑफिस जाते हैं। आठ अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे दोनों कंपनी जा रहे थे। जैसे ही वह एफएनजी रोड पर पहुंचे तो एक कार के चालक के ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को किसी तरह अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार के नंबर के आधार पर चालक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### खराब एसी भेजने पर न्यायालय के आदेश पर दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के सेक्टर ज्यू-3 में अमेजॉन से एसी खरीदा गया था। खराब एसी लगा दिया गया, जिसकी शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के मामले में न्यायालय के आदेश पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एसीपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि दादरी कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर ज्यू-3 में जागृत सिंह परिवार के साथ रहते हैं। न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि अमेजॉन से वोल्टास का एसी खरीदा था। दो लोग एसी लगाने के लिए आए। उन्होंने कंपनी के सर्विस सेंटर से आना बताया। एसी लगाकर चले गए। जब एसी ने कूलिंग नहीं की तो उसे चेक किया गया। जांच के दौरान उसमें करंट आ रहा था। कस्टमर केयर पर शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैनेजर का नंबर दिया गया। जब मैनेजर से बात की तो उन्होंने भी जवाब नहीं दिया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही कोई कानूनी कार्रवाई की गई।

# फ्लैट पर नहीं दिया कब्जा, ब्याज समेत रकम लौटाएगा बिल्डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पांच साल में फ्लैट का कब्जा नहीं देने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने बिल्डर को खरीदार की जमा धनराशि 6 प्रतिशत ब्याज सहित 30 दिन के भीतर लौटाने का आदेश दिया है। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा की पीठ ने सुनवाई के बाद दिया।

ग्रेटर नोएडा के तिलपता गांव स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी छोले लाल प्रसाद ने 30 जुलाई 2022 को सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अनुबंध किया था। इसके तहत बिल्डर की परियोजना एनआरआई लेकसिटी, काशीपुर रोड, रुद्रपुर (जनपद उधम सिंह नगर, उत्तराखंड) में दूसरी मंजिल पर एक फ्लैट देने का अनुबंध हुआ था। फ्लैट की कीमत 9.75 लाख रुपये तय की गई थी।

अनुबंध के अनुसार बिल्डर को पांच साल के भीतर फ्लैट का कब्जा देना था, अन्यथा पूरी धनराशि ब्याज सहित लौटानी थी। खरीदार ने कुल 7,02,460 रुपये का भुगतान कर दिया, लेकिन तय समय तक न तो फ्लैट दिया गया और न ही निर्माण कार्य शुरू हुआ। 28 फरवरी 2023 तक कोई सूचना न मिलने पर खरीदार ने मौके पर जाकर जांच की, जहां पाया कि निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हुआ था। इसके बाद उन्होंने बिल्डर को नोटिस भेजा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

# कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कस्बे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल दूसरे युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक कस्बे में रहने वाला विनय कुमार बुधवार की सुबह अपपक एक कर्मचारी बलराम शर्मा के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। कस्बे में एक कार ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया,जहां इलाज के दौरान घायल विनय कुमार की मौत हो गई।

# हॉस्टल में मुझे अकेला रखा, रात मुझे आते बुरे सपने नामी कॉलेज पर छात्रा ने लगाया शोषण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित एक निजी इंस्टीट्यूट की नर्सिंग की छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया गया। छात्रा ने आपबीती की एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर की है। वीडियो में प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अभी तक पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक गांव की रहने वाली युवती नॉलेज पार्क स्थित एक निजी संस्थान में जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) की पढ़ाई कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मुताबिक छात्रा का आरोप है कि इंस्टिट्यूट प्रबंधन ने उसे परेशान किया गया। उसका शोषण किया। हॉस्टल से उसे निकाल दिया गया। हॉस्टल में वह तीन छात्राओं के साथ रहती थी। इसके बाद उसे अकेला रहने को मजबूर किया और रात में वह डरने लगी। छात्रा ने इंस्टिट्यूट प्रबंधन से अपनी फीस वापसी की मांग की तो उसकी फीस वापस नहीं की गई। वह मानसिक रूप से परेशान हो गई। माता-पिता को बुलाकर प्रबंधन ने उनके सामने बेइज्जत किया।

**छात्रा ने की आत्महत्या की कोशिश:** छात्रा ने वीडियो में पूरे घटनाक्रम का जिक्र किया है। इसके साथ ही कुछ फोटो भी शेयर की है। बताया जा रहा है कि छात्रा ने परेशान होकर आत्महत्या की कोशिश की है। छात्रा का अस्पताल में इलाज चल रहा है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया और जांच शुरू की।

**कॉलेज बोला- प्रथम वर्ष में फेल हुई तो मांगने लगी फीस वापस:** पुलिस की शुरुआती जांच में इंस्टिट्यूट से जानकारी करने पर पता चला है कि छात्रा प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। परीक्षा में फेल होने पर फीस वापसी की मांग कर रही है। हॉस्टल में छात्रा पर साथ रहने वाली कुछ सहपाठियों ने आरोप लगाए। इसके चलते उसने हॉस्टल में रहना बंद कर दिया। छात्रा अपने घर से आने जाने लगी। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में सड़क छह लेन की होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर जीटा-वन एटीएस गोलचक्कर से 130 मीटर चौड़ी सड़क तक आवाजाही और सुगम हो जाएगी। इस सड़क को छह लेन का किया जाएगा। प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। उच्चाधिकारियों से सैद्धांतिक और प्रशासनिक मंजूरी मिलने पर जल्द निविदा जारी की जाएगी।प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए शहर की प्रमुख सड़कों को चौड़ी करने की योजना पर काम तेज कर दिया गया है। एटीएस सोसाइटी से मकौड़ा गोलचक्कर तक की सड़क के छह लेन होने से आसपास के सेक्टरों और क्षेत्र के गांवों के लोगों को फायदा होगा। यह सड़क अभी चार लेन की है। मकौड़ा गोलचक्कर 130 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित है। पिछले छह से सात सालों के दौरान शहर की आबादी बढ़ने से इस रास्ते पर भी वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। इसे देखते हुए परियोजना विभाग ने दो किलोमीटर लंबी सड़क को चौड़ी कर छह लेन करने की योजना बनाई है। इस पर आने वाले खर्च का आकलन कर लिया गया है। निविदा जारी होने के बाद दो माह में काम शुरू होने की उम्मीद है। सड़क के छह लेन होने से साकीपुर और जैतपुर गांव के अलावा आम्रपाली, एसोटेक, एसकेएस, मिग्सन आदि सोसाइटियों में रहने वाले लोगों को फायदा होगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट, दादरी, सूरजपुर और तिलपता की तरफ जाने वाले लोगों के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जाने वाले लोगों को भी आसानी होगी।



शहर की जिन सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव रहता है, उन्हें चौड़ी करने का काम किया जा रहा है। नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव और बढ़ जाएगा। ऐसे में 130 मीटर सड़क को जोड़ने वाली सभी सड़कों को चौड़ी किए जाने की योजना बनाई गई है। इस संबंध में परियोजना विभाग को निर्देश दिए गए हैं। इससे भविष्य में भी जाम की समस्या नहीं होगी।

**- रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा**

# कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कस्बे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल दूसरे युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक कस्बे में रहने वाला विनय कुमार बुधवार की सुबह अपपक एक कर्मचारी बलराम शर्मा के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। कस्बे में एक कार ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया,जहां इलाज के दौरान घायल विनय कुमार की मौत हो गई।

# 15 सड़कों को बनाया जाएगा डस्ट फ्री जोन, प्रदूषण पर लगेगी लगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्राधिकरण ने एक अहम कदम उठाया है। शहर की प्रमुख सड़कों को अब डस्ट फ्री जोन में तब्दील किया जाएगा।

दिल्ली में हुई कमिशन फार एयर क्वालिटी मैनेजमेंट की बैठक में नोएडा प्राधिकरण को साफ निर्देश दिए गए हैं कि सड़कों से उड़ने वाली धूल को कम करने के लिए ठोस उपाय किए जाएं। इसी के तहत प्राधिकरण ने शहर की 15 प्रमुख सड़कों को चिह्नित किया है, जिन्हें डस्ट फ्री बनाया जाएगा। इनमें अशोक नगर से सेक्टर-37 बाटेनिकल गार्डन तक का मार्ग, रोड नंबर-6 सहित अन्य व्यस्त सड़कें शामिल हैं। इन सड़कों पर लगातार ट्रैफिक रहता है, जिससे धूल प्रदूषण का स्तर अधिक रहता है।

**30 किमी लंबी सड़कों को किया जाएगा डस्ट फ्री:** प्राधिकरण अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि पहले चरण में करीब 30 किलोमीटर लंबी सड़कों को डस्ट फ्री किया जाएगा। इसके लिए सड़को के दोनों और घास की पूरी पट्टी बिछाई जाएगी। जिस पर नियमित पानी का छिड़काव होगा।

**धूल उड़ने की समस्या को रोका जाएगा:** बता दें कि इससे पहले भी प्राधिकरण ने नोएडा में कई सड़कों को डस्ट फ्री किया है। हालांकि, बीच में इस योजना को रोक दिया गया था।

# कार छूने पर विवाद 10 लोगों पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक कार के दूसरी कार से छू जाने को लेकर हुए विवाद में 10 लोगों पर जानलेवा हमला और लूटपाट का आरोप लगा है। दौला रजपुरा गांव निवासी पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना में पीड़ित पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित शेरदिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात वह अपने परिवार के चार अन्य सदस्यों के साथ कार से जा रहे थे। मंडपा गांव के पास रास्ते में खड़ी एक कार से उनकी गाड़ी हल्की टकरा गई। इस मामूली बात पर कार चालक ने अपने साथियों को बुला लिया।

इसके बाद सभी हमलावरों ने मिलकर शेरदिन और उनके साथियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने कार में सवार सभी लोगों के साथ मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। उन्होंने कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और करीब 15 हजार रुपये लूटकर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने मंडपा गांव निवासी शोएब उर्फ काले, संजय, शाहरुख, इंतजाम और बबलू समेत पांच नामजद तथा अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# फिनटेक हब के लिए कंपनी की तलाश तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी के सेक्टर-11 में विकसित होने वाले फिनटेक हब के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। कंपनी की तलाश की जा रही है। इसके लिए जारी की गई रुचि की अभिव्यक्ति यानी एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) में कंपनियां 29 अप्रैल तक प्रस्ताव दे सकती है। पहले दो अप्रैल तक प्रस्ताव जमा करने की तारीख तय की गई थी।अधिकारी के मुताबिक 24 और 25 अप्रैल को ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों का एक बड़ा कार्यक्रम है।

इसे देखते हुए प्रस्ताव देने की तारीख बढ़ाई गई है। यमुना प्राधिकरण ने फिनटेक हब क्षेत्र के सेक्टर-11 में 500 एकड़ में विकसित करने की योजना बनाई है। वित्तीय प्रौद्योगिकी से जुड़ी कंपनियों, स्टार्टअप्स और संस्थानों को निवेश करने का मौका मिलेगा। कंपनियां नवाचार, अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में काम कर सकेंगी। इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलने और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। अधिकारी के मुताबिक ईओआई जारी कर योग्य विकासकर्ताओं और भागीदारों का चयन किया जाएगा।

# गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में पांच करोड़ का फर्जीवाड़ा

**तत्कालीन रजिस्ट्रार समेत 12 कर्मचारियों पर केस दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी (जीबीयू) में 5 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में आने के बाद यूनिवर्सिटी के वर्तमान रजिस्ट्रार प्रभारी सीके सिंह ने ईकोटेक-1 कोतवाली में 12 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, यूनिवर्सिटी में डॉ. विकास त्रिपाठी का कार्यकाल लगभग पांच वर्ष का था। अभी पिछले एक वर्ष के कागजों की जांच हुई है, जिसमें करीब 5 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। आशंका है कि पूरे पांच वर्ष की जांच होने पर फर्जीवाड़े की राशि और बढ़ सकती है। इस मामले में तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी, तत्कालीन वित्त अधिकारी नीरज कुमार, तत्कालीन लेखाधिकारी शैलेंद्र कुमार, मुदित कुमार, विजय प्रताप सिंह, मुकेश पांडे, शिव कुमार खत्री, शिवम, संदीप, श्याम, नवीन और सुभाष सहित 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि इन आरोपियों ने छात्रों द्वारा जमा की गई फीस को कथित तौर पर हड़प लिया। उन्होंने जमा फीस की नकली यूपीआई लेनदेन रसीद को यूनिवर्सिटी के शुल्क संग्रह सॉफ्टवेयर में दर्ज किया, जिससे शुल्क लिए जाने का दिखावा किया जा सके। जांच में यह सामने आया है कि वास्तविक जमा राशि यूनिवर्सिटी के बैंक खाते में नहीं पहुंची। ईकोटेक-1 कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रभारी की शिकायत पर 12 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।



# ईरान को हथियार देने की तैयारी में चीन

## अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में बड़ा दावा, सीजफायर के प्रयासों के बीच बढ़ी कूटनीतिक चिंता



**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया रिपोर्टों ने एक चौंकाने वाले खुलासे की ओर इशारा किया है, जिसके अनुसार चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नई वायु रक्षा प्रणालियां (एयर डिफेंस सिस्टम) भेजने की तैयारी कर रहा है। तीन खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुआ अस्थायी सीजफायर बेहद नाजुक स्थिति में है। सीएनएन की रिपोर्ट में दावा है कि चीन द्वारा भेजे जाने वाले सिस्टम में मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हो सकते हैं, जो कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के लिए बड़ा खतरा माने जाते हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी अगले महीने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन की यात्रा करने वाले हैं। यह संभावित हथियार आपूर्ति इसलिए भी संवेदनशील मानी जा रही है क्योंकि चीन ने हाल ही में इस संघर्षविराम को कराने में भूमिका निभाने का दावा किया था। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि चीन इन हथियारों की आपूर्ति को तीसरे देशों के जरिए भेज सकता है, ताकि उनके वास्तविक स्रोत को छिपाया जा सके। वाशिंगटन में चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा चीन ने कभी भी संघर्ष के किसी भी पक्ष को हथियार प्रदान नहीं किया है, प्रश्न में दी गई जानकारी असत्य है। उन्होंने आगे कहा एक जिम्मेदार प्रमुख देश के रूप में, चीन लगातार अपने अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करता है। हम अमेरिकी पक्ष से निराधार आरोप लगाने, दुर्भावनापूर्ण संबंध जोड़ने और सनसनी फैलाने से बचने का आग्रह करते हैं। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष तनाव कम करने में मदद करने के लिए और अधिक करेंगे। इससे पहले, दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से बीजिंग युद्धविराम कराने और संघर्ष समाप्त करने में मदद करने के लिए काम कर रहा था। गौरतलब है कि ईरान ने लंबे समय से चीन और रूस दोनों के साथ मिलिट्री और इकोनामिक रिश्ते बनाए हैं। ईरान ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को शाहेद ड्रोन देकर बहुत मदद की है और चीन को अपने सैंक्शन किए गए तेल का बड़ा हिस्सा भी बेचता है।

## भारतीयों की नेकी व इंसानियत के हम कायल, शुक्रिया: ईरान

**तेहरान।** भारत में ईरानी दूतावास ने शुक्रवार को एलान किया कि उसने जंग के दौरान वित्तीय मदद के लिए बनाए गए सभी खाते बंद कर दिए। इसके साथ ही भारतीय नागरिकों के समर्थन और मदद के लिए शुक्रिया कहा। दूतावास ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों से मिले भारी समर्थन और उनकी मदद को देखते हुए अब ये खाते निष्क्रिय कर दिए गए हैं। इसके साथ ही लोगों से दूतावास के नाम पर चल रहे किसी भी खातों में पैसा न भेजने की अपील की गई है। इससे पहले 22 मार्च को ईरानी दूतावास ने भारतीयों की नेक इरादों और इंसानियत के लिए उन्हें शुक्रिया कहा था।



पटना। आपूर्ति संकट के बीच खाली एलपीजी सिलेंडरों के साथ लाइन में लगे लोग।

## रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत पाकिस्तानी सैन्य टुकड़ी सऊदी अरब पहुंची

**रियाद।** सऊदी अरब के पूर्वी प्रांत स्थित किंग अब्दुल अज़ीज़ वायुसेना बेस पर पाकिस्तानी सैन्य टुकड़ी पहुंच गई है। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, इस तैनाती में पाकिस्तान वायुसेना के लड़ाकू और सहायक विमान शामिल हैं, जो दोनों देशों के बीच रणनीतिक संयुक्त रक्षा समझौते का हिस्सा है। बताया गया कि इस तैनाती का उद्देश्य सैन्य समन्वय को मजबूत करना और दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं की संचालनात्मक तैयारियों को बढ़ाना है, जिससे क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा व स्थिरता को बल मिलेगा। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने यह रक्षा समझौता पिछले वर्ष सितंबर में रियाद में किया था।

# ईरान के साथ वार्ता विफल रही, तो फिर होगा हमला: ट्रम्प



- ट्रंप ने यह बात वेंस के इस्लामाबाद वार्ता के लिए रवाना होने के तुरंत बाद कही
- हम जहाजों को बेहतरीन गोला-बारूद और अब तक के सबसे शानदार हथियारों से भर रहे हैं: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** पूरी दुनिया की सांसें थमी हुई हैं, क्योंकि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी वार्ताकारों का दल इस्लामाबाद में ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ की अगुआई वाले 71 सदस्यीय ईरानी प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए तैयार है। वार्ता शुरू होने से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'द न्यूयॉर्क पोस्ट' को बताया कि यदि बातचीत विफल रहती है तो ईरान पर हमले फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी युद्धपोतों को 'सर्वश्रेष्ठ गोला-बारूद' से लैस किया जा रहा है।

ट्रंप ने यह बात वेंस के इस्लामाबाद वार्ता के लिए रवाना होने के तुरंत बाद कही। सात अप्रैल को हुए दो सप्ताह के संघर्ष विराम के बाद अंतिम शांति प्रक्रिया पर बातचीत करने के लिए वेंस के साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जारेड कुशनर भी शामिल हैं। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बातचीत सफल होगी? तो उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए एक फोन इंटरव्यू में कहा कि हमें लगभग 24 घंटों में पता चल जाएगा। हमें जल्द ही जानकारी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि हम नई शुरुआत कर रहे हैं। हम जहाजों को बेहतरीन गोला-बारूद और अब तक के सबसे शानदार हथियारों से भर रहे हैं। वे उन हथियारों से भी बेहतर हैं, जिनका इस्तेमाल हमने पहले उन्हें तबाह करने के लिए किया था। ट्रंप ने न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा कि हम जहाजों को अब तक के सबसे बेहतरीन हथियारों से लैस कर रहे हैं, जो पहले के विनाशकारी हथियारों से भी कहीं उच्च स्तर के हैं। अगर कोई समझौता नहीं होता है, तो हम उनका इस्तेमाल करेंगे और बहुत प्रभावी ढंग से करेंगे। इसके विपरीत ईरानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने युद्ध-पूर्व की वार्ताओं में अपना रुख कायम रखा है कि यूरेनियम संवर्धन ईरान का अटूट अधिकार है। इस बीच गालिबफ ने याद दिलाया कि समझौते की दो धाराओं को अभी लागू किया जाना बाकी है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से तय किए गए दो उपायों पर अभी अमल होना बाकी है। लेबनान में संघर्ष विराम और बातचीत शुरू होने से पहले ईरान की रुकी हुई संपत्ति को मुक्त करना। बातचीत शुरू होने से पहले इन दोनों मामलों को पूरा किया जाना चाहिए। ट्रंप ने 'द पोस्ट' से कहा कि आपका सामना ऐसे लोगों से है, जिनके बारे में हम नहीं जानते कि वे सच बोलते हैं या नहीं। हमारे सामने तो वे कहते हैं कि वे सभी परमाणु हथियारों को खत्म कर रहे हैं, सब कुछ खत्म हो गया है। और फिर वे प्रेस के पास जाकर कहते हैं, नहीं, हम संवर्धन करना चाहेंगे। इसलिए हमें जल्द ही पता चल जाएगा। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को संभालने के तरीके को लेकर भी ईरान की आलोचना की। उन्होंने स्थिति को 'अपमानजनक' बताया और कहा कि ईरानियों के साथ बातचीत करने के लिए हमारी 'ए टीम' पाकिस्तान जा रही है। और यदि आवश्यक हुआ, तो हमारे पास बैकअप प्लान भी तैयार हैं। जैसा ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह होर्मुज में जहाजों पर 'ट्रांजिट शुल्क' लगायेगा और वह भी अपनी मुद्रा रियाल में। उम्मीद है कि इस वार्ता का मुख्य केंद्र अमेरिका की वे मांगें होंगी, जिनमें ईरान से लगभग 1000 पाउंड गहराई में दबा हुआ संवर्धित यूरेनियम सौंपने और अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से फिर से खोलने के लिए कहा गया है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने जर्मन समकक्ष जोहान वेडेफुल से कहा कि ईरान अमेरिका से इस बातचीत में 'पूर्ण अविश्वास' के साथ शामिल हो रहा है। अराघची ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान ईरानी लोगों के हितों और अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए पूरी ताकत के साथ लड़ेगा। उन्होंने अमेरिका के बार-बार वादों को तोड़े जाने और 'कूटनीति के साथ विश्वासघात' का हवाला दिया।

## हत्या का वीडियो साझा कर ट्रम्प ने आव्रजन नीति को ठहराया सही

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्लोरिडा में हुई एक महिला की हत्या का कथित वीडियो साझा करते हुए अपनी सरकार की निर्वासन नीति को सही ठहराया। यह हमला कथित रूप से हैती मूल के एक प्रवासी द्वारा किया गया। पुलिस के अनुसार, 40 वर्षीय रोलबर्ट जोएकिन को 2 अप्रैल को फ्लोरिडा के फोर्ट मायर्स में एक महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह शहर मियामी से लगभग 160 मील उत्तर-पश्चिम में स्थित है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी हैती से है और 2022 में अमेरिका आया था। मृतका की पहचान 51 वर्षीय निलुफा इस्मिन के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश मूल की थीं और दो बेटियों की मां थीं। ट्रम्प ने गुरुवार देर रात अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर यह वीडियो साझा किया। ट्रम्प अक्सर दावा करते रहे हैं कि प्रवासी अमेरिका में अपराध बढ़ा रहे हैं, और इस घटना को उन्होंने अपने इसी दावे के समर्थन में पेश किया। हालांकि आलोचकों का कहना है कि ट्रम्प सभी प्रवासियों को अपराधी के रूप में पेश कर अपनी आव्रजन नीति को मजबूत करने की कोशिश करते हैं, जबकि कई अधययनों में पाया गया है कि अवैध रूप से रह रहे प्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में हिंसक या अन्य अपराधों में कम शामिल होते हैं। पुलिस के अनुसार, निलुफा ईसमिन गैस स्टेशन के एक सुविधा स्टोर में क्लर्क के रूप में काम कर रही थीं। घटना स्टोर के बाहर हुई और आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग द्वारा जारी सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया कि आरोपी एक वाहन पर हथौड़े से वार करता दिखता है। इसी दौरान पीड़िता बाहर आकर उससे सवाल करती नजर आती हैं। इसके बाद आरोपी अचानक उनके सिर पर हथौड़े से हमला कर देता है, जिससे वे जमीन पर गिर जाती हैं। इसके बाद आरोपी कई बार हमला करता है और मौके से फरार हो जाता है। पुलिस के अनुसार, बाद में आरोपी को सड़क पर चलते हुए पकड़ा गया और उसने अपराध कबूल कर लिया। उस पर हत्या और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। वह अदालत में पेश हो चुका है और 4 मई को उसकी अगली सुनवाई तय की गई है।

## हॉर्मुज स्ट्रेट को जहाजों के लिए दोबारा खोलना कठिन



- अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दावा: ईरान बारूदी सुरंगों के कारण आवाजाही बहाल करने में अक्षम

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान युद्ध के दौरान उसके द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों को पूरी तरह खोजकर हटाने में असमर्थ है, जिसके कारण हॉर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए दोबारा खोलना कठिन हो गया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह बात कही गई।

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स द्वारा बताए गए 'सुरक्षित मार्ग' वास्तव में बहुत ही सीमित हैं, क्योंकि ईरान ने जलडमरूमध्य में लापरवाही से बारूदी सुरंगें अव्यवस्थित तरीके से बिछाई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका और ईरान दोनों के पास समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने की पर्याप्त क्षमता नहीं है। कुछ सुरंगें बहकर स्थान बदल सकती हैं, जबकि यह भी स्पष्ट नहीं है कि ईरान ने प्रत्येक सुरंग का रिकॉर्ड रखा था या नहीं। अमेरिका ने दावा किया है कि बुधवार को जलडमरूमध्य को खोल दिया गया था और उन खबरों का भी खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि ईरान जहाजों की आवाजाही रोक कर शुल्क वसूल रहा है। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया था कि ईरान वास्तव में जहाजों को रोक रहा है और उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए तेहरान को चेतावनी भी दी थी। ईरान ने कहा है कि वह तब तक समुद्री यातायात को अवरुद्ध रखेगा, जब तक इजराइल लेबनान में हिज्बुल्लाह पर हमले बंद नहीं करता। ईरान और पाकिस्तानी मध्यस्थों का कहना है कि यह मुद्दा युद्धविराम का हिस्सा होना चाहिए था।

# इजरायल-लेबनान के बीच पहली सीधी वार्ता 14 को होगी

## इजरायली और लेबनानी राजदूतों के बीच फोन पर हो चुकी है पहली बातचीत



- लेबनान में इजरायली हमलों से तीन दिन में 357 की मौत, 1223 अन्य घायल

**यरूशलेम/बेरूत।** इजरायल और लेबनान के बीच पहली सीधी वार्ता 14 अप्रैल को वाशिंगटन में होगी। यह जानकारी इजरायली मीडिया ने शनिवार को दी। टाइम्स ऑफ इजरायल ने कहा कि इजरायल और लेबनान के बीच अपेक्षित पहली प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार को वाशिंगटन में होगी। वाशिंगटन में लेबनानी राजदूत नाडा हमादेह, वाशिंगटन में इजरायली राजदूत एचिएल लीटर और बेरूत में अमेरिकी राजदूत मिशेल इस्सा के बीच शुक्रवार को फोन पर बातचीत हुई, जो इजरायली और लेबनानी राजदूतों के बीच पहली बातचीत थी। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि इजरायल लेबनान के साथ जल्द से जल्द सीधी बातचीत करेगा। वहीं ईरान द्वारा अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता से हटने की धमकी देने के बाद इजरायल को लेबनान की राजधानी बेरूत पर अपने सैन्य हमले रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह दावा एक उच्चस्तरीय सुरक्षा सूत्र के हवाले से किया गया है। बताया गया कि बुधवार को लेबनान पर इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इन हमलों को रोकना, अमेरिका के साथ अस्थाई युद्धविराम वार्ता में शामिल होने की सख्त पूर्व शर्त बना दिया था। सूत्रों के अनुसार कि प्रतिरोध मोर्चे की एकता ईरान के लिए गैर-समझौतापरक थी। उन्होंने बताया कि लेबनान पर इजरायली हमलों के जारी रहने के कारण ईरानी प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा कई बार टाली गई। लगातार दबाव और वार्ता से हटने की विश्वसनीय चेतावनी के चलते ईरान ने अमेरिका को इजरायल पर दबाव बनाने के लिए मजबूर किया, जिसके बाद बेरूत पर हमले रोके गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वार्ता की निरंतरता इस बात पर निर्भर करेगी कि इजरायल बेरूत और उसके दक्षिणी उपनगर दहिएह पर आगे कोई हमला न करे। ईरान ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इजरायल ने हमले फिर से शुरू किए, तो वार्ता प्रक्रिया तत्काल समाप्त कर दी जाएगी। जबकि लेबनान में पिछले तीन दिनों के दौरान इजरायली हमलों में 357 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,223 अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि इन हमलों से व्यापक जनहानि हुई है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को ईरान के खिलाफ दो सप्ताह का विराम घोषित किया था। ईरान द्वारा प्रस्तुत 10 सूत्री प्रस्ताव, जिसे ट्रम्प ने वार्ता के लिए 'कारगर आधार' बताया है, में सभी मोर्चों पर आक्रामक कार्रवाई रोकने की शर्त शामिल है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। इसी क्रम में, ईरान की संसद (मजलिस) के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबफ उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका के साथ वार्ता के लिए इस्लामाबाद पहुंचे हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन ताजा मौतों के साथ 02 मार्च 2025 से अब तक इजरायल द्वारा युद्धविराम उल्लंघनों के कारण मारे गए लोगों की कुल संख्या 1953 हो गई है। यह युद्धविराम पिछले वर्ष इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच हुआ था। समझौते के तहत इजरायल को अपने हमले रोकने थे लेकिन उल्लंघनों के चलते स्थिति लगातार बिगड़ती गई।

## अमेरिका-लेबनान ने इजरायल से लेबनानी क्षेत्र पर हमले रोकने का किया आग्रह

**मास्को।** लेबनान ने अमेरिकी मध्यस्थों के माध्यम से इजरायल से वार्ता से पहले अपने क्षेत्र पर हमले रोकने का अनुरोध किया है। यह जानकारी एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से शनिवार को दी। प्रकाशन ने दो जानकार सूत्रों का हवाला से कहा कि अमेरिका ने लेबनान के अनुरोध का समर्थन किया है और इजरायल से इसे स्वीकार करने की मांग की है लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अभी तक इस मामले पर कोई निर्णय नहीं लिया है। गुरुवार को नेतन्याहू के कार्यालय ने घोषणा की कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल को लेबनान के साथ सीधी बातचीत शुरू करने का निर्देश दिया है जिसका उद्देश्य शिया आंदोलन हिजबुल्लाह को हथियार विहीन करना और दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करना है।

## ईरान के नेताओं से मिले पीएम शहबाज

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद में चल रही अमेरिका-ईरान वार्ता के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों से अलग-अलग मुलाकात की है। इस बीच ईरान की ओर से बड़ा बयान सामने आया है, जिसने इस बातचीत की दिशा को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। पूरी दुनिया की नजर इस वार्ता पर टिकी है, क्योंकि इसका असर पश्चिम एशिया की स्थिरता पर पड़ सकता है। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने कहा है कि अगर अमेरिका अगर अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत अपने हितों को ध्यान में रखकर बातचीत करता है तो समझौता संभव है। लेकिन अगर इजरायल फर्स्ट की सोच हावी रही तो कोई डील नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि बातचीत विफल होने पर हालात और बिगड़ सकते हैं। आरिफ ने साफ कहा कि अगर बातचीत असफल रही और अमेरिका व इजरायल ने फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू की तो दुनिया को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है और शांति की उम्मीद कमजोर पड़ सकती है।

# इंडो-पैसिफिक में सहयोग और सुरक्षा पर जोर

## भारत व अमेरिका के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया



- अमेरिकी वायुसेना प्रमुख केनेथ विल्सबैक ने भारतीय वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह की मेजबानी की

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग, प्रशिक्षण और सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा हुई। अमेरिकी वायुसेना प्रमुख केनेथ विल्सबैक ने भारतीय वायुसेना प्रमुखअमर प्रीत सिंह की मेजबानी की।

यह आधिकारिक दौरा 8 अप्रैल को हुआ, जिसमें उन्हें जाइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग पर गार्ड आफ आनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पेंटागन में उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लिया, जहां अमेरिकी वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों और ट्राय मींक से भी मुलाकात हुई। अमेरिकी वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को वाशिंगटन द्वारा दी जाने वाली महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस साझेदारी को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को 'स्वतंत्र, खुला, शांतिपूर्ण और समृद्ध' बनाए रखने के लिए केंद्रीय बताया। जनरल विल्सबैक ने समान विचारधारा वाले सहयोगियों के साथ बहुपक्षीय अभ्यासों में भारत के नेतृत्व और भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग को बढ़ाना क्षेत्रीय निवारण को मजबूत करने की कुंजी होगी। जनरल विल्सबैक ने कहा एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के इस महत्वपूर्ण समकक्ष दौरे की मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। पेंटागन में उनके पूरे दिन के दौरान, हमने आधुनिकीकरण के प्रयासों, भविष्य के प्रशिक्षण के अवसरों और एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध इंडो-पैसिफिक के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता पर गहन चर्चा की। बैठक में भारत द्वारा डफ-9बी स्काई गार्जियन विमान की खरीद पर भी चर्चा हुई। अमेरिकी वायु सेना ने इस बात पर जोर दिया कि वे भारतीय सशस्त्र बलों को इस प्लेटफार्म को 'निर्बाध और प्रभावी ढंग से तैनात' करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वाशिंगटन के अलावा, एयर चीफ मार्शल सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का भी दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए एयरोस्पेस और समुद्री चेतावनी सहित नार्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) मिशन के बारे में जानकारी दी गई।

## चैरिटी ने प्रिंस हैरी पर मानहानि का मुकदमा दायर किया

**लंदन।** प्रिंस हैरी ने अपनी दिवंगत मां राजकुमारी डायना की याद में अफ्रीका में एक चैरिटी की स्थापना की थी। अब उसी चैरिटी ने प्रिंस हैरी पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है। हैरी ने पिछले साल इस संस्था के संरक्षक पद से इस्तीफा दे दिया था। सेंटेबाले नामक यह संस्था बोत्सवाना और लेसोथो में एचआईवी से पीड़ित युवाओं के लिए काम करती है। सेंटेबाले ने पिछले महीने लंदन के हाई कोर्ट में मुकदमा दायर किया। अब यह जानकारी सामने आई है। आनलाइन दस्तावेजों के अनुसार, हैरी और उनके मित्र मार्क डायर (जो पहले इस चैरिटी के ट्रस्टी रह चुके हैं) पर मानहानि का आरोप लगाया गया है, हालांकि मामले से जुड़े विस्तृत दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

## युद्ध में अमेरिकी सैनिकों ने पी 9.5 लाख गैलन कॉफी

- डकार गए 20 लाख एनर्जी ड्रिंक, अमेरिकी सैनिकों की खपत को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की एक ब्रीफिंग में ईरान संघर्ष के दौरान अमेरिकी सैनिकों की खपत को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। जाइंट चीफ्स आफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन कैन ने बताया कि इस सैन्य अभियान के दौरान सैनिकों ने लगभग 9.5 लाख गैलन काफी पी।

जनरल कैन ने कहा कि यह संघर्ष बेहद तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने इसे बेहद कठिन और लगातार दबाव वाला आपरेशन बताया। काफी के अलावा, सैनिकों ने लगभग 20 लाख एनर्जी ड्रिंक भी पी, जिससे लगातार आपरेशन के दौरान उनकी सतर्कता बनी रहे। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सैनिकों ने इस अवधि में लगभग 60 लाख भोजन का सेवन किया। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में निकोटिन उत्पादों की खपत भी दर्ज की गई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि लंबे सैन्य अभियानों में केवल हथियार ही नहीं, बल्कि लाजिस्टिक्स और मानव संसाधन भी कितने महत्वपूर्ण होते हैं। पेंटागन ब्रीफिंग के दौरान जनरल कैन ने हल्के अंदाज में कहा कि वे यह नहीं कह रहे कि कोई समस्या है, जिस पर वहां मौजूद लोगों के बीच हल्की मुस्कान देखी गई। लेकिन उन्होंने साफ किया कि यह सैन्य अभियान बेहद कठिन परिस्थितियों में संचालित किया गया। उनके अनुसार, हालात गर्म, अराजक, अंधेरे और अनिश्चित थे, जहां हर पल खतरा बना हुआ था। गौरतलब है कि करीब 40 दिनों तक चले अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष पर फिलहाल विराम लग गया है और सीजफायर लागू हो चुका है। हालांकि, हालात अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं और वैश्विक स्तर पर फिर से तनाव बढ़ने की आशंका बनी हुई है। इस बीच, डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैनिक अभी भी अपने ठिकानों पर तैनात हैं और स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। उन्होंने संकेत दिया कि केवल एक आदेश के बाद संघर्ष फिर से शुरू हो सकता है। ऐसे में सबसे अधिक दबाव उन सैनिकों पर है, जो दूर-दराज के इलाकों में चुनौतीपूर्ण हालात का सामना कर रहे हैं।

# प्रभास और आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर मचाया धमाल



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास और बॉलीवुड फिल्मकार आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। यह चर्चा तब शुरू हुई जब संदीप रेड्डी वांगा ने धुरंधर 2 को लेकर एक ट्वीट किया, जिस पर आदित्य धर ने जवाब देते हुए प्रभास को एक लीजेंड बताया। नेटिजन्स के लिए यह एक छोटा सा इशारा ही काफी था और उन्होंने तुरंत कयास लगाने शुरू कर दिए कि पर्दे के पीछे कुछ बहुत बड़ा पक रहा है। हालांकि अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन फैंस इन छोटे-छोटे हिट्स को पकड़ रहे हैं और कल्पना कर रहे हैं कि यह भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े कॉम्बिनेशंस में से एक हो सकता है। सोशल मीडिया पर रिएक्शंस की बाढ़ आ गई है, जहां फैंस इसे ड्रीम कोलैब कह रहे हैं जो बड़े पैमाने पर सिनेमा और कहानी कहने के तरीके को बदल सकता है। कई लोगों का मानना है कि प्रभास की लार्जर-दैन-लाइफ स्क्रीन प्रेजेंस और आदित्य धर का दमदार निर्देशन मिलकर एक ऐसा सिनेमाई चमत्कार पेश कर सकते हैं जो पहले कभी नहीं देखा गया। इस संभावित कोलैबोरेशन के स्केल को लेकर इंटरनेट पर चर्चाएं छाई हुई हैं।अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि तो नहीं हुई है, लेकिन बढ़ती चर्चाओं ने एक बात साफ कर दी है, दर्शक प्रभास और आदित्य धर को साथ देखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।





## राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज

**मुंबई।** फिल्म राजा शिवाजी के मेकर्स ने राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का एक दमदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज किया है, जिसे मशहूर संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी ने फिल्म राजा शिवाजी का शानदार पोस्टर जारी करने के बाद अब दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। मेकर्स ने फिल्म के राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का एक दमदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज किया है, जिसे मशहूर संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। इस फिल्म का निर्देशन, लेखन, निर्माण और मुख्य भूमिका निभा रहे रितेश विलासराव देशमुख इस एंथम में छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। वीडियो में फिल्म के भव्य म्यूजकिल विजन की झलक देखने को मिलती है, जो इस ऐतिहासिक फिल्म के स्तर को और ऊंचा बनाती है। वीडियो में अजय-अतुल और उनकी टीम की मेहनत साफ नजर आती है। राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का दमदार संगीत और ऊर्जावान साउंड इसे बड़े पर्दे पर देखने का शानदार अनुभव बनाने का वादा करता है। इसका मुख्य कोरस पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अजय-अतुल द्वारा कंपोज और गाया गया राजा शिवाजी एंथम छत्रपति 13 अप्रैल को रिलीज होगा। फिल्म राजा शिवा. जी में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र, अमोल गुप्ते, जिनिलीया देशमुख और रितेश विलासराव देशमुख नजर आएंगे।

## सलमान स्टारर मातृभूमि-मेय वॉर रेस्ट इन पीस का गाना लॉन्च

**मुंबई।** सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक ने अपनी फिल्म मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस का नया गाना मेरा जी नहीं भरा रिलीज कर दिया है। जैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया यह गाना युद्ध की अफरा-तफरी के बीच पनपते खूबसूरत प्यार को बखूबी दिखाता है। सोशल मीडिया पर इस गाने को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मेरा जी नहीं भरा एक प्यारा सा रोमांटिक गाना है जो फिल्म की कहानी में भावनाओं का एक नया मोड़ लेकर आता है। इसके विजुअल्स आंखों को सुकून देने वाले हैं और बैकग्राउंड्स काफी शानदार हैं, जो लीड जोड़ी की केमिस्ट्री को और भी निखारते हैं और फिल्म की दुनिया में एक इमोशनल गहराई जोड़ते हैं। श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा इस दिल छू लेने वाले गाने के लिए साथ आए हैं। इस ट्रैक को शमीर टंडन और कुमार गौरव सिंह ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल विश्वदीप जीस्त ने लिखे हैं। शबीना खान की कोरियोग्राफी इस गाने में एक अलग ही खूबसूरती और ग्रेस जोड़ती है। फर्रे और क्लास व स्ट्रेंज सिटी जैसी ओटीटी सीरीज के लिए पहचाने जाने वाले जैन इस रोल के साथ अपनी वर्सेटिलिटी (बहुमुखी प्रतिभा) दिखा रहे हैं।



# नुसरत भरुचा का साहसी चुनाव ही बनाता है उनकी अलग पहचान

**मुंबई।** फिल्म छोरी 2 को रिलीज हुए एक साल हो गया है, लेकिन आज भी नुसरत भरुचा की परफॉर्मेंस को काफी याद किया जाता है और उसकी वजह है उनका कुछ अलग करने का चुनाव है। आमतौर पर फिल्म इंडस्ट्री में जहां कलाकार अक्सर उसी रास्ते पर चलते हैं, जो काम कर रहा हो, वहां नुसरत ने धीरे-धीरे उस दायरे से बाहर निकलने का फैसला किया। सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी फिल्मों से एक जाना पहचाना चेहरा बनने के बावजूद, उन्होंने उसी स्पेस में बने रहने की बजाय छोरी के साथ एक बड़ा मोड़ लिया और यह मोड़ था एक फीमेल-लीड हॉरर फिल्म का, जो लगभग पूरी तरह उनकी परफॉर्मेंस पर टिकी थी। हालांकि छोरी 2 के साथ उन्होंने इस सफर को और आगे बढ़ाया, जहां कहानी ज्यादा इंटेंस और इमोशन से भरपूर हो गई। छोरी 2 को रिलीज हुए आज एक साल हुए हैं और आज भी यह फिल्म उनके दर्शकों के मन में जस की तस बनी हुई है और उसकी वजह है नुशरत भरुचा की पर्फोर्मेंस। छोरी और छोरी 2 की सबसे बड़ी ताकत यही रही कि नुसरत सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं थीं, बल्कि उन्होंने उसे अपने कंधों पर उठाया। उनका किरदार साक्षी एक टिपिकल कमर्शियल हीरोइन जैसा नहीं है, जो बेबाक और निडर है। वह कमजा.ेर भी है और डरी हुई भी, लेकिन अंदर से मजबूत भी है और यही बैलेंस कहानी को दिलचस्प बनाता है। छोरी 2 में यह इमोशनल गहराई और भी अहम हो जाती है, क्योंकि फिल्म ज्यादा डार्क और साइकोलॉजिकल टेरिटरी में जाती है, और नुशरत हर मुश्किल मोमेंट को मजबूती से संभालती नजर आती हैं। यदि नुसरत के फिल्मी चुनावों को देखा जाए, तो एक साफ पैटर्न नजर आता है और वो यह है कि वे सेफ खेलने के बजाय, हमेशा से ऐसे रोल चुनती आई हैं, जिनमें एक तरह का रिस्क शामिल हो। चाहे जनहित में जारी हो के जरिए सामाजिक मुद्दे को उठाना हो या छोरी और छोरी 2 के जरिए हॉरर में एक मजबूत मैसेज के साथ एक्सपेरिमेंट करना हो, उन्होंने रिपीट करने की बजाय एक्सप्लोर करने का रास्ता चुना है।फिर भी, इन सबके बावजूद, वह अक्सर सबसे ज्यादा शोर-शराबे वाली चर्चाओं



का हिस्सा नहीं बनतीं। शायद इसलिए क्योंकि उनका बदलाव अचानक या ओवर-मार्केटेड नहीं रहा, बल्कि धीरे-धीरे और नेचुरल तरीके से हुआ है। लेकिन यही बात उनके सफर को खास भी बनाती है। यह किसी प्लान्ड रीइंवेंशन जैसा नहीं, बल्कि एक ऑर्गेनिक ग्रोथ जैसा लगता है। आज छोरी 2 के एक साल बाद, नुसरत भरुचा एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में सामने आती हैं, जो अपने कम्फर्ट जोन से बाहर जाने से नहीं डरतीं। ऐसे समय में जब दर्शक नए जॉनर और मजबूत कहानियों के लिए ज्यादा खुले हैं, उनका यह अप्रोच उनकी क्रेडिबिलिटी को और मजबूत बनाता है।

# इलजाम में वकील की भूमिका निभाएंगी न्यारा




**मुंबई।** अभिनेत्री न्यारा एम बनर्जी अपने आने वाले प्रोजेक्ट इलजाम में वकील की भूमिका निभाती नजर आएंगी। खास बात यह है कि यह किरदार न्यारा एम बनर्जी के लिए सिर्फ एक अभिनय नहीं, बल्कि उनकी असल जिंदगी से गहराई से जुड़ा हुआ है। फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में आने से पहले न्यारा ने कानून की पढ़ाई की थी। उन्होंने कभी वकील बनने का रास्ता चुना था, लेकिन बाद में उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अब इलजाम में एक वकील का किरदार निभाना उनके लिए मानो एक फुल सर्कल मोमेंट है। इलजाम के साथ न्यारा न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता का नया पहलू दिखा रही हैं, बल्कि अपने अतीत के एक महत्वपूर्ण हिस्से को फिर से जी रही हैं,जो इस भूमिका को और भी खास और दिलचस्प बनाता है। सूत्रों के अनुसार, इलजाम में न्यारा एम बनर्जी का किरदार कई दमदार और प्रभावशाली पलों से भरा होगा, जो न्याय और आवाज की ताकत को उजागर करेगा। यह उनके करियर में एक नया मोड़ साबित हो सकता है, जहां वह अधिक गंभीर व प्रदर्शन-प्रधान अवतार में नजर आएंगी।

# राणाबाली के लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी : राहुल सांकृत्यायन

**मुंबई।** निर्देशक राहुल सांकृत्यायन का कहना है कि फिल्म राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राणाबाली साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसमें पर्दे की मशहूर जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एक बार फिर साथ आ रहे हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनी और राहुल सांकृत्यायन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म ने दर्शकों के बीच पहले ही जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। राहुल सांकृत्यायन ने खुलासा किया कि राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राहुल सांकृत्यायन ने उन्होंने रिसर्च के लिए इतिहासकारों, कवियों से बात की और पुराने रिकॉर्ड्स खंगाले। इतिहास कई रूपों में मौजूद है, सिर्फ किताबों में ही नहीं, बल्कि उन कहानियों में भी जो गांवों और रीति-रिवाजों के जरिए हम तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा, मद्रास प्रेसीडेंसी, जिसमें आज का चेन्नई, तेलुगु क्षेत्र और बेंगलुरु शामिल हैं के पास संघर्ष और जुझारूपन की अपनी अनकही कहानियां हैं। हम शायद ही कभी मुख्यधारा की कहानियों में इन्हें सुनते हैं।ष उन्होंने साझा किया कि फिल्म के कुछ सबसे दमदार पल उन्हें भूले-बिसरे गांवों और छिपे हुए अभिलेखागारों से मिले हैं। ऐसा ही एक किस्सा उनके पिता के गांव की यात्रा का था, जहां उन्होंने एक लंबे समय से भूले हुए रीति-रिवाज को फिर से जीवित होते देखा और इसी अनुभव ने फिल्म के क्लाइमेक्स को प्रेरित किया। राहुल सांकृत्यायन ने राणाबाली के पीछे की प्रेरणा के बारे में खुलकर बात की और खुलासा किया कि यह फिल्म 19वीं सदी के रायलसीमा की वास्तविक घटनाओं पर गहराई से आधारित है। यह असल कहानियां ही उनकी इस आने वाली पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा की नींव हैं।


यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108